# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 142 | जयपुर | शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## मौसम जयपुर

35.0° अधिकतम तापमान

21.0° न्यूनतम तापमान

## बाजार शेयर बाजार

सेंसेक्स 77,606.43 +317.93 (0.41%)

निफ्टी 23,591.95 +105.10 (0.45%)

## सर्राफा सोना/चांदी

सोना 90,930 /10g

चांदी 1,02,000 /Kg

# जयपुर एयरपोर्ट पर यात्री के प्राइवेट पार्ट में मिला सोना

## एक्स-रे में दिखा 70 लाख का गोल्ड पेस्ट, मास्टरमाइंड को भी दबोचा, प्लेन में साथ था

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर गोल्ड तस्करी का मामला सामने आया है। करीब 70 लाख के गोल्ड पेस्ट को आरोपी यात्री के प्राइवेट पार्ट से रिकवर किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने गुरुवार (27 मार्च) सुबह आरोपी यात्री के साथ गोल्ड स्मगलिंग के मास्टरमाइंड को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी के हाथ लगे मास्टरमाइंड तस्कर अजय फगोड़िया से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।






### सबसे पहले 4 पॉइंट में पढ़ें- एयरपोर्ट का एक्शन

1. एयर अरेबिया की फ्लाइट पर थी नजर: डीआरआई के अधिकारियों के पास जानकारी थी कि एयर अरेबिया से आ रहा एक पैसेंजर गोल्ड की स्मगलिंग कर रहा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट के गेट जैसे ही खुले एजेंसी की टीम अलर्ट हो गई। डीबोर्डिंग शुरू होते ही एजेंसी के लोगों ने पहले से मिली सूचना के आधार पर आरोपी पैसेंजर की तलाश शुरू कर दी।
2. पहली जांच में आरोपी के पास कुछ नहीं मिला: एजेंसी के सूत्रों के अनुसार शक के आधार पर आरोपी पैसेंजर को कस्टम जांच के लिए रुकवाया गया, लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला। हालांकि, जांच के दौरान आरोपी के बदले हावभाव से जांच करने वाली टीम का शक गहरा गया। आरोपी पैसेंजर की अलग से ले जाकर फिर जांच की गई और पूछताछ शुरू हुई, लेकिन कुछ नहीं मिला।
3. 772 ग्राम गोल्ड की प्राइवेट पार्ट से रिकवरी: शक के आधार पर एजेंसी ने कोर्ट से तुरंत यात्री का एक्स-रे करवाने की परमिशन ली। जिसमें पेस्ट के तौर पर प्राइवेट पार्ट में छुपाया गया गोल्ड नजर आया। इसकी कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है।
4. धरा गया मास्टरमाइंड, बड़ी सफलता का दावा: आरोपी पैसेंजर से जब अधिकारियों ने गोल्ड स्मगलिंग को लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने बड़ा खुलासा किया। आरोपी ने गोल्ड तस्करी के मास्टरमाइंड अजय फगोड़िया के बारे में जानकारी दी। जो उसी के साथ ही रियाद से आया था। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

## शाह बोले- भारत धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

### शाह ने कहा- जिनके इरादे गलत हैं, उन्हें रोका जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं। यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की जानकारी रखी जाएगी। वे किस रास्ते से आ रहे हैं। कहां रुक रहे हैं। क्या कर रहे हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।



**फेंसिंग के लिए ममताजी नहीं दे रहीं जमीन:**
पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। 450 किमी आपकी कृपा से खुली सीमा है, वहीं से घुसपैठ है, वहीं नागरिक बनते हैं, आधार कार्ड बनते हैं और देशभर में फैल जाते हैं। जितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं, सबके पास 24 परगना के आधार कार्ड मिले हैं। जहां फेंसिंग लगाने जाते हैं, सत्ताधारी पार्टी का कैडर हुड़दंग करता है, धार्मिक नारे लगाता है। ये फेंसिंग रुकी है तो केवल बंगाल सरकार के कारण रुकी है। ममताजी भूमि दे दें तो हम 450 किलोमीटर फेंसिंग कर देंगे।

**विदेशियों को ब्लैक लिस्ट कानून के हिसाब से होगा:**
अब तक एजेंसियां विदेशियों को ब्लैक लिस्ट करती थीं। इसका कोई औचित्य नहीं था। इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 कानून 36 धाराओं में है। इसमें पूरे प्रोसेस को कानूनी रूप दिया गया है। सारे एक्शन इसी हिसाब से होंगे।

**नियम बनाकर अवैध घुसपैठियों को रोक रहे**
हमारी सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे। पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था। हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की। पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है।

**भारत आए विदेशियों की जानकारी पुख्ता होगी:**
सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस बिल में कर रहे हैं। पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा अनिवार्य होगा। विदेशियों के रजिस्ट्रेशन को और पुख्ता किया जाएगा।

**पहले ये कानून ब्रिटेन में बने थे अब नई संसद में:**
अप्रवासियों से जुड़े कानून 1920, 1930 और 1946, ब्रिटेन की संसद में बने थे। भारत का कानून अब भारत की नई संसद में बन रहा।

# कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या की जमानत अर्जी खारिज

## गोल्ड स्मगलिंग केस में बेल्लारी से बिजनेसमैन अरेस्ट, तस्करी का सोना ठिकाने लगाता था



बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका गुरुवार को बेंगलुरु की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। यह तीसरी बार है, जब कोर्ट ने रान्या को जमानत देने से इनकार किया है। इससे पहले 12 और 14 मार्च को दो बार कोर्ट ने रान्या को जमानत नहीं दी थी। उधर, मामले में 26 मार्च को राजस्व खुफिया निदेशालय ने बेल्लारी से सोना व्यापारी साहिल सकारिया जैन को अरेस्ट किया। यह तीसरी गिरफ्तारी थी। साहिल पर सोने को ठिकाने लगाने में रान्या की मदद का आरोप है। कोर्ट ने साहिल को 29 मार्च तक डीआरआई की कस्टडी में भेज दिया है। कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 3 मार्च को 14.2 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 मार्च को उसके दोस्त तरुण राजू को अरेस्ट किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान खान बोले- भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी, उतना जिएंगे

**लॉरेंस की धमकियों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी, कहा- भारी सुरक्षा से दिक्कत होती है**



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** लॉरेंस गैंग से लगातार मिल रही धमकियों पर सलमान खान ने पहली बार चुप्पी तोड़ी। मुंबई में बुधवार रात फिल्म सिकंदर की प्रेस मीट में कहा कि भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी जरूर जिएंगे। सिक्योरिटी बढ़ाई जाने पर सलमान ने कहा, कभी-कभी इतने लोगों को साथ लेकर चलने से दिक्कत हो जाती है।

सलमान ने अपने पेट डॉग का किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा, बहुत समय पहले हमारे पास एक कुत्ता था माइसन, वह बहुत स्वीट था। एक बार चोर आया और माइसन को प्यार करके अपने साथ लेकर चला गया।

सलमान को वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा, हर समय 11 जवान साथ रहते हैं 2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं। सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।

8 महीने पहले 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायरिंग हुई थी। इसके बाद जनवरी में उनके अपार्टमेंट की बालकनी बुलेटप्रूफ कर दी गई है। साथ ही हाई रिजोल्यूशन कैमरे भी चारों तरफ लगाए गए हैं।

### जम्मू के कठुआ में सेना-आतंकियों के बीच एनकाउंटर, 2 आतंकी मारे गए

**डीएसपी समेत 5 सुरक्षाकर्मी घायल**

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। तीन आतंकियों की तलाश जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं।

सभी को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। इससे पहले सोमवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तब आतंकियों ने एक बच्ची और उसके माता-पिता को पकड़ लिया था। मौका मिलने पर तीनों आतंकियों के चंगुल से भाग निकले थे। इस दौरान बच्ची की मामूली चोटें आई थीं। आतंकी भी भाग निकले थे।

# बीजेपी कार्यालय में नहीं होगी जनसुनवाई!

### प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले- मंत्रियों को आवास पर जनसुनवाई के लिए पाबंध किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वसुंधरा राजे सरकार के समय बीजेपी कार्यालय में शुरू हुई जनसुनवाई फिलहाल शुरू नहीं होगी। उस समय सरकार के मंत्री और पार्टी पदाधिकारी प्रतिदिन प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई करते थे। भजनलाल सरकार में करीब 9 माह पहले जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया गया था। लेकिन इसमें मंत्री शामिल नहीं हुए थे। तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इसे शुरू करवाया था। लेकिन सरकार की ओर से सहयोग नहीं मिलने के चलते यह जनसुनवाई कार्यक्रम बंद हो गया। अब इसके फिर से शुरू होने की संभावनाएं बहुत कम है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि हमने पहले भी दो से तीन बार जनसुनवाई शुरू करने का प्रयास किया था। कार्यालय में कार्यकर्ता की जगह जनता अधिक संख्या में आ जाती है। ऐसे में अत्यधिक लोड बढ़ जाता है।





**कार्यालय में केवल 4 दिन चली जनसुनवाई**

प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद 13 जून 2024 को प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई शुरू हुई थी। लेकिन यह केवल 4 दिन ही चली। इसमें दावा किया गया था कि सरकार के मंत्री भी इसमें शामिल होंगे। एक दिन भी कोई मंत्री जनसुनवाई के लिए नहीं पहुंचा था। केवल पार्टी पदाधिकारियों ने ही जनसुनवाई की। वो भी चार दिन चलने के बाद बंद कर दी गई। करीब 9 माह से जनसुनवाई कार्यक्रम बंद है। जिसके फिलहाल शुरू होने के कोई आसार दिखाई नहीं दे रहे है। सबसे पहले प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत वसुंधरा राजे ने की थी। उसके बाद अशोक गहलोत सरकार के तीसरे कार्यालय में इसे कांग्रेस ने भी फॉलो किया। पीसीसी में जनता दरबार के नाम से जनसुनवाई कार्यक्रम चलता था। इसमें सरकार के मंत्री और पीसीसी पदाधिकारी जनता की समस्याएं सुनकर मौके से ही अधिकारियों को समस्या हल करने के निर्देश देते थे।

# जज कैश केस, 6 बार एसोसिएशन पदाधिकारी सीजेआई से मिले

## जस्टिस वर्मा का तबादला रोकने की मांग की, चीफ जस्टिस खन्ना बोले- विचार करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने के फैसले पर पुनर्विचार हो सकता है। 6 हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरुवार को दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना से मिले और तबादला पर विचार करने की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना से हम लोगों ने मुलाकात कर अपनी मांग रखी है। उन्होंने कहा है कि जस्टिस वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की मांग पर विचार करेंगे। सदस्यों ने सीजेआई और कॉलेजियम को एक मेमोरेंडम दिया। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगी थी। इसके एक दिन बाद किसी ने उनके घर से सामान हटा दिया था। ऐसे मामलों में अन्य लोगों के शामिल होने और स्त्रइक्र दर्ज नहीं होने से जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।











सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# जन-जन के कल्याण को समर्पित है डबल इंजन की सरकार : उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन भरतपुर में हुआ जिसका सभी जिलों में सीधा प्रसारण हुआ। राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, राजसमंद प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, समाजसेवी माधव जाट सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले डेढ़ वर्षों में हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया है। महिला, किसान, व्यापारी, शिक्षा, खेल, गरीब कल्याण सहित ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां राज्य में उल्लेखनीय प्रगति न हुई हो। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति से जुड़ी हमारी परंपराओं को कायम रखने की दिशा में सरकार ने फैसला लिया है कि राज्य में अब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नववर्ष पर ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। साथ ही राज्य में पहली बार राजस्थान दिवस के तहत सात दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हर दिन विभिन्न वर्गों के लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। राजस्थान दिवस के तहत महिला सम्मेलन और किसान सम्मेलनों का आयोजन गत दो दिनों में हो चुका है। आज हम यहाँ गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन में सर्वजन कल्याण के साक्षी बन रहे हैं।

**प्लास्टिक मुक्त राजसमंद के तहत जूट के बेग का विमोचन :** उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा के करकमलों से मंच से जिला प्रशासन के प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत आमजन में वितरण हेतु तैयार जुट के बेग का विमोचन किया गया। उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने सभी से प्लास्टिक को छोड़ कर पर्यावरण अनुकूल उपाय जैसे जुट और कपड़े के बेग अपनाने की अपील की। डॉ बैरवा ने कई दिव्यांग छात्र-छात्राओं को ट्राइसाइकिल वितरित की। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से प्रेम कुँवर, शंकरलाल, नारायण लाल, कसना, मोहन लाल, सुमित्रा कंवर, बाबूलाल भील, रामलाल गुर्जर, जमना बैरवा, उगम कुंवर सहित अन्य ग्रामीणों को प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए जिसके बाद उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। इसी तरह उन्होंने श्रम विभाग की निर्माण श्रमिक एवं कौशल विकास योजना के तहत मंजू बाई पालीवाल, उलासी बाई, प्यारी देवी आदि को लाभार्थी पत्र प्रदान किए। मंच से दिव्यांग बच्चों को हियरिंग एड और अन्य उपकरण भी वितरित किए।

# ट्राइडेंट, रॉयल एपीएल और रेडिसन ब्लू ने जीते अपने मैच

## मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 में देखते ही बन रहा है उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मेवाड़ टूरिज़्म कप के तहत रात्रिकालीन मैच में होटल ट्राइडेंट ने दी लीला पैलेस होटल को 7 विकेट से हराया वहीं दूसरे मैच में रॉयल एपीएल ने उदयपुर इवेंट अलायंस को 5 विकेट से और रेडिसन ब्लू ने पैरेलल होटल को 103 रन से हराकर अपने मैच जीते। वुडन स्ट्रीट द्वारा आयोजित मेवाड़ टूरिज़्म कप के तहत फील्ड क्लब मैदान पर हो रहे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी होटल दी लीला पैलेस टीम निर्धारित ओवरों में 164 रन बना सकी। दी लीला पैलेस होटल की ओर से विक्रम ने 38 रनों का योगदान दिया होटल ट्राइडेंट की ओर से अर्पित ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में होटल ट्राइडेंट की टीम ने 19.3 ओवर में 165 रन बनाकर यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। होटल ट्राइडेंट की ओर से हरीश ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन और कप्तान रितेश पालीवाल ने 38 रनों का योगदान दिया। होटल दी लीला पैलेस की ओर से विक्रम ने दो विकेट प्राप्त किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए होटल ट्राइडेंट के हरीश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए रॉयल ए पी एल टीम ने उदयपुर इवेंट एलाइंस टीम को निर्धारित 20 ओवर में 141 रन की बनाने दिए। उदयपुर इवेंट एलायंस की ओर से जॉय सुहालका ने 46 रनों का योगदान दिया। रॉयल ए पी एल की ओर से गौरव काबरा, मनीष जैन और राज ने दो दो दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में रॉयल ए पी एल ने निर्धारित लक्ष्य को 18.3 ओवर में हासिल कर लिया। रॉयल ए पी एल की ओर से नितिन राठी ने 70 रन बनाए। शानदार बल्लेबाजी के लिए रॉयल ए पी एल के नितिन राठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में होटल रेडिसन ब्लू ने पैरेलल होटल को 103 रनों से हराया। रेडिसन ब्लू होटल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 175 रनों का स्कोर बनाया। होटल रेडिसन ब्लू के दीपक डांगी ने आक्रामक अर्धशतक लगाते हुए 36 बॉल पर 74 रन बनाएं सुमेश ने 44 रनों का योगदान दिया। पैरेलल होटल की ओर से संदीप शर्मा ने चार विकेट हासिल किया। जवाब में पैरेलल होटल की टीम मात्र 72 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। तरुण मेनारिया ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट और सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने तीन विकेट तथा दीपक डांगी ने दो विकेट प्राप्त किया। हरफनमौला प्रदर्शन के आधार पर दीपक दांगी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# प्रागपुरा कस्बा व ग्राम मंढ़ा में खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी

- निरीक्षण में 175 किलो मिल्क पाउडर, 30 किलो वनस्पति व करीब 715 किलो मिलावटी मावा बरामद
- जेसीबी से गड्ढा खुदवा मिलावट खाद्य पदार्थों को करवाया गया नष्ट, लाईसेंस नहीं होने से मावा प्लांट किया सीज

## हिमांशु मावा मिष्ठान भण्डार के नाम से संचालित था मावा प्लांट

बढ़ता राजस्थान





**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे में नागाजी मंदिर स्थित बढ़ियाली का कुआ की ढाणी व ग्राम मंढ़ा में खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में मिलावटी मावा बरामद किया है। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम सुबह करीब 11 बजे मौके पर पहुंची, जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा व प्रागपुरा बीसीएमओ कृष्ण सिंह शेखावत को बढ़ियाली का कुआ की ढाणी में दाताराम सैनी का पुत्र अंकित मौके पर मिला। उसने बताया कि ग्राम मंढा में मुख्य स्टैंड के पास व प्रागपुरा में हिमांशु मावा × मिष्ठान भण्डार के नाम से उनका मावा प्लांट संचालित है तथा मेरे पिता उसके मालिक है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उसे बुलाने के लिये कहा तो बहाने बनाने लगा एवं उपस्थित उनके घरों की महिला अभद्रता करने लगी। इसके पश्चात खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों एवं प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर प्रशासन द्वारा पुलिस जाप्ता एवं टीम भिजवाई गई। जनहित को मध्य नजर रखते हुए खाद सुरक्षा विभाग टीम ने करीब 04 घंटे बाद परिसर का ताला तुड़वाया। निरीक्षण में 175 किलो मिल्क पाउडर, 30 किलो वनस्पति, दोनों परिसर को मिलाकर करीब 715 किलो मिलावटी मावा बरामद किया है। इन सभी खाद्य पदार्थों का एक्ट एवं सर्विलेंस में सैंपल लिया गया जो कि प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया जायेगा एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जनहित में तैयार सभी खाद्य पदार्थों को खाली जगह में गड्डा खुदवाकर जेसीबी से नष्ट करवाया गया एवं लाईसेंस प्राप्त नहीं होने के कारण इस मावा प्लांट को सीज किया गया। इस दौरान पावटा तहसीलदार संजय कुमार खेदड़, डीएनओ जयसिंह, हैड कॉन्स्टेबल देवेन्द्र, कॉन्स्टेबल रामजीलाल, महिला कॉन्स्टेबल सुनिल, कॉन्स्टेबल सरोज, आरएससी से हैड कॉन्स्टेबल श्रीराम, कॉन्स्टेबल खेमचंद व चालक जगमोहन समेत अन्य मौजूद रहे।

# अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ट्रक सहित कई सिलेंडर जब्त

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए ग्राम रामपुरा, पंचायत देवपुरा, मसूदा, ब्यावर में बड़ी कार्रवाई की गई।

इस अभियान का नेतृत्व जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत के निर्देशन में किया गया, जिसमें जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, प्रवर्तन अधिकारी मुरारीलाल और पुलिस थाना मांगलियावास की टीम शामिल रही।

**छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद :** जांच दल ने छापेमारी के दौरान एक ट्रक, 10 बड़े सिलेंडर (422 किलोग्राम क्षमता), 26 व्यावसायिक श्रेणी के सिलेंडर (प्रत्येक 19 किलोग्राम), 6 पाइप और रेगुलेटर सहित अन्य उपकरण जब्त किए। प्रशासन के पहुंचते ही अवैध रिफिलिंग में संलिप्त व्यक्ति मौके से फरार हो गए।

**कानूनी कार्रवाई और जब्त सामग्री :** पुलिस ने जब्त सामग्री को थाना मांगलियावास में सुरक्षित रखवाया और आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं एलपीजी (नियंत्रण) आदेश, 2000 के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्रवाई से अवैध गैस रिफिलिंग करने वाले असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।

**भविष्य में भी जारी रहेगी सख्त निगरानी :** जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध गैस रिफिलिंग जैसी खतरनाक और गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है। ऐसी गतिविधियों से आमजन की सुरक्षा को खतरा होता है, इसलिए भविष्य में भी प्रशासन इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रखेगा।

# सेवा भारती की बैठक आयोजित : पावटा इकाई का हुआ गठन, सियाराम अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका में सियाराम अग्रवाल की अध्यक्षता एवं महेश सैनी जिला महामंत्री के मुख्य आतिथ्य तथा सत्यनारायण कौशिक जिला प्रकल्प प्रमुख्य के विशिष्ट आतिथ्य में सेवा भारती इकाई पावटा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महामंत्री महेश सैनी ने सेवा भारती के प्रकल्पों एवं विगत वर्ष में समिति के द्वारा सम्पन्न किये गए कार्यो की जानकारी दी। तथा पावटा इकाई की घोषणा करते हुए सियाराम कारौली वाले को अध्यक्ष, महेश थानेदार को उपाध्यक्ष, डॉ श्रीमती सरोज यादव को महामंत्री दीपक पटेल को कोषाध्यक्ष, महेश पारीक को प्रकल्प प्रमुख, डॉक्टर राजेश डूचानियॉ को स्वास्थ्य प्रमुख, रामपाल मीणा को सामाजिक प्रकल्प प्रमुख मोहन लाल अग्रवाल को मंत्री का दायित्व दिया गया तथा घनश्याम गोयल डॉ दीपक बराल राहुल गोयल विकास शर्मा एवं अंकित गौड को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। बैठक में पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, अशोक कुमार पारीक, मनोज कुमार टांक, मनीष

# हिंदू नववर्ष पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

बढ़ता राजस्थान




**साहवा ( नि.स. )।** 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को बनाए जाने वाले हिंदू नववर्ष पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रम की तैयारिया जोर शोर से चल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को कस्बे के जोगी आसन मठ में बाबा जमनानाथ के हाथों पिला चावल करवाए गए। शुक्रवार से बाजार ओर घरों में पीले चावल बांटने का कार्यक्रम रहेगा। आयोजक मंडल द्वारा पीले चावल बांटकर लोगों को शोभायात्रा में आने का निमंत्रण दिया जायेगा। नववर्ष पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए साहवा थानाधिकारी रामप्रताप को ज्ञापन देकर शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी प्रकार की अफवाहों से बचकर शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपील की गई। पुलिस को दिए ज्ञापन में बताया गया कि शोभायात्रा कस्बे के पारीक भवन से होते हुए परशुराम चौक, मुख्य बस स्टेंड, मुख्य बाजार होते हुए जोगी आसन मठ पहुंचेगी।

जहां पर यात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर डॉ0 रणधीर ढाका, रूपाराम पारीक, सुभाष समरसोत, रामप्रताप पंडित, ओपी स्वामी, केशरीचंद सोनी, पूरनमल सैनी, प्रहलाद सैनी, मघाराम नाई, राजेंद्र सैनी, महेन्द्र कुमार पारीक सावर सैनी, छोटूराम सैनी, नरेश पारीक, राहुल भाटी, सुरेंद्र कासनिया आदि उपस्थित थे।

# अवकाश के बावजूद खुले रहेंगे उपपंजीयक कार्यालय : जिला कलेक्टर खडगावत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत ने बताया कि पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सभी उप पंजीयक कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च (शनिवार, रविवार और सोमवार) को राजकीय अवकाश के बावजूद खुले रहेंगे। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे आवश्यक दस्तावेजों का पंजीयन बाधित न हो। इन तीनों दिनों में सभी उपपंजीयक कार्यालय कार्य दिवसों की तरह कार्यरत रहेंगे, जहां दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ववत किया जाएगा। आमजन इस विशेष सुविधा का लाभ उठाएं और अपने आवश्यक दस्तावेजों का समय पर पंजीयन करवाएं।

# शादीशुदा युवती घर से गायब, गुमशुदगी दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** एक व्यक्ति द्वारा उसकी शादीशुदा पुत्री के रात्रि को घर से गायब हो जाने को लेकर पुलिस थाना साहवा में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी विवाहित पुत्री रात्रि को बाथरूम करने का कहकर उठी। लेकिन बाथरूम करने गई वापिस नहीं आई तो उठकर देखा तो भट्ठे पर काम करने वाला एक युवक उसकी पुत्री को मोटर साईकिल पर बैठाकर फरार हो गया। जब युवक का पीछा किया तो उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी।

# फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** कस्बे के खोश्या मंदिर में शुक्रवार 28 मार्च को पेंशनर समाज पावटा द्वारा फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष सुरेश चन्द शास्त्री ने बताया कि पेंशनर समाज द्वारा फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार 28 मार्च को खोश्या मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# भारत विकास परिषद ने पदयात्रियों के लिए विशेष कैंप लगाकर पद यात्रियों को पिलाया शरबत

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** कैलादेवी लक्खी मेले के दौरान भारत विकास परिषद ने पदयात्रियों के लिए विशेष कैंप लगाया गया है। बयाना मोड़ पर 24 से 28 मार्च तक चलने वाले इस कैंप में यात्रियों को मुफ्त सेवाएं दी जा रही हैं।शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता के अनुसार, कैंप में स्वच्छ पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रियों को पानी के अलावा नमकीन छाछ, चाय, नाश्ता, शर्बत और फल भी वितरित किए जा रहे हैं। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि इस सेवा कार्य में महिला पदाधिकारियों का भी सक्रिय योगदान रहा। कैंप शाखा सदस्य आलोक सोलंकी के सहयोग से लगाया गया है। इस सेवा कार्य में परिषद के कई सदस्यों ने योगदान दिया। इनमें निरंजन शर्मा, सुबोध जैन, देवेन्द्र शर्मा, पंकज जैन, अशोक गर्ग समेत कई पुरुष और महिला सदस्य शामिल हैं। महिला सदस्यों में मंजू गुप्ता, वन्दना शर्मा, सुधा गोयल, सुषमा गर्ग, मोना ऐरन और डॉ लक्ष्मी गर्ग प्रमुख रहीं।

# भगवा रंग में रगी शोभायात्रा, हर तरफ गूंजे श्रीराम और राणा सांगा के जयकारे

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा विराट वाहन रेली का आयोजना किया गया। यह वाहन रेली बालकृष्ण स्टेडियम से जेकेमोड, चौपाटी, बस स्टैंड, भगवानदास मार्केट, जलचक्की, सुभाष नगर, आवरीमाता, किशोरनगर, मण्डा, कलालवाटी, गणेश चौक, दाणी चबूतरा, सदर बाजार, बस स्टैंड राजनगर, बजरंग चौराहा, भिक्षु निलयम, अंबेडकर सर्कल, वीर सावरकर मार्ग, महाराणा प्रताप तिराहा, टीवीएस सर्कल, 50 फ़ीट रोड़, द्वारकेश चौराहा, जेके मोड़ होते हुए पुनः बालकृष्ण स्टेडियम में समाप्त हुई। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि शहर में आयोजित यह अब तक की सबसे बड़ी और विशाल रेली थी जिसमे हजारो वाहनों का काफिला के संग भगवा रंग में रगी शोभायात्रा, हर तरफ गूंजे श्रीराम और राणा सांगा के जयकारे गूंज रहे थे ।

# सुमन यादव जालोर प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान कांग्रेस पार्टी प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार कस्बे स्थित ग्राम फतेहपुरा खुर्द निवासी श्रीमति सुमन यादव पत्नी बजरंग लाल को जालोर जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है की सुमन काफी समय से कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है और उसी की बदौलत उन्हें क्षेत्र में एक अच्छी नैत्री के रूप में पहचान मिली है। उनकी नियुक्ति को लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। सुमन ने अपनी नियुक्ति को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गंभीर नदी में बढ़ते प्रदूषण के विरोध में स्थानीय दुकानदारों ने दुकानें बंद रख विरोध जताया

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी/श्रीमहावीरजी ( अंशु गुप्ता )।** गंभीर नदी में बढ़ते प्रदूषण के विरोध में स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रख विरोध जताया है। गुरुवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा।संघर्ष समिति के अध्यक्ष हरिओम शरण ने कहा कि गंभीर नदी लोगों की आस्था से जुड़ी है। नदी में बढ़ते प्रदूषण से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। प्रदूषित जल से पेयजल आपूर्ति भी दूषित हो रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।प्रदेश सचिव खेम सिंह गुर्जर ने बताया कि नदी में सीवरेज का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इससे पवित्र नदी प्रदूषित हो गई है। ईश्वर सिंह और यादराम सिंह ने नदी में दूषित पानी की आवक रोकने की मांग की है।विरोध प्रदर्शन में अतर पटेल, श्रीमन पटेल, अजित डूबी, राजेश भगत, रूप सिंह तोगड़िया, हरकेश, हाकिम काजोडिया, पप्पू और विकेश सिंह सहित कई लोग शामिल हुए। दुकानें बंद होने से बाजार में सन्नाटा छाया रहा। स्थानीय लोगों ने पहले भी प्रशासन को नदी की दयनीय स्थिति से अवगत कराया था।

# विजयवर्गीय समाज फुलेरा वाला परिवार ने किया परमार्थ विज्ञान चिकित्सा शोध सेवा के लिए देहदान

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** प्रमुख समाजसेवी राधेश्याम विजयवर्गीय की प्रेरणा से विजयवर्गीय समाज जयपुर के निवासी रमेश चंद ,सुरेश चंद ,सत्यनारायणविजयवर्गीय सुपारी वाले, ब्रह्मपुरी जयपुर की पूज्य माताजी रामस्नेही, गौभक्त लीला देवी विजयवर्गीय धर्मपत्नी ग्यारसी लाल विजयवर्गीय फुलेरा वाले का देवलोक गमन 27 मार्च 2025 को प्रात: हो गया स्वामी जी श्री रामचरण जी महाराज की कृपा एवं जगद्गुरु श्री रामदयाल जी महाराज के आशीर्वाद से माता श्री की अंतिम इच्छानुसार परिवार जनों ने परमार्थ सेवा एवं चिकित्सा जगत के सर्वांगीण अनुसंधान की सेवार्थ मानव कल्याणार्थ देहदान करने का निर्णय लिया जिसकी क्रियान्विति में परिवार जनों ने देहदान करने के लिए वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए श्रीमती लीला देवी विजयवर्गीय के देह को प्रात: 11 बजे राजस्थान सरकार की अधिकृत मेडिकल टीम के निर्देश पर जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष कमल संचेती एवं प्रेरक समाजसेवी गौभक्त राधेश्याम विजयवर्गीय बासेड़ा वाले के सानिध्य में गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एनाटॉमी विभाग भांकरोटा जयपुर के लिए परिजनों की उपस्थिति में एंबुलेंस से रवाना किया। लीला देवी की देह को दोपहर 12.30 से 3 बजे तक गीतांजलि हॉस्पिटल में दर्शनार्थ हेतु रखी गई जहां पर सैकड़ों परिजनों, रिश्तेदारों, समाज जनों ने दर्शन कर देहदान के लिए अंतिम विदाई दी।

पुण्यात्मा की स्मृति में कॉलेज परिसर में अमरूद का फलदार पौधे का पौधारोपण किया। गौभक्त समाजसेवी राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि लीला देवी के पति श्री ग्यारसी लाल विजयवर्गीय ने भी अपने देवलोक गमन पर दिसंबर 2010 में नेत्रदान कर कई लोगों को नया जीवन दिया था।


राजस्थान मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान ब्लॉक उमैरण जिला अलवर

**आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश प्रारम्भ**

मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान ब्लॉक उमैरण जिला अलवर द्वारा संचालित निम्न विद्यालयों में आरटीई की धारा 12 के तहत प्रथम कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिये जा रहे है। अभिभावकों द्वारा दिनांक 25 मार्च 2025 से 07 अप्रैल 2025 तक आनलाईन आवेदन www.rajpsp.nic.in या राजस्थान प्राईवेट स्कूल ऐप के माध्यम से किये जावेंगें। ऑनलाइन लॉटरी द्वारा प्रवेश हेतु बालकों का प्राथमिकता क्रम निर्धारण 09 अप्रैल 2025 को होगा। अधिक जानकारी के लिए निम्न विद्यालयों में सम्पर्क करें।

| क.स. | विद्यालय का नाम | मोबाइल नम्बर | कुल सीट | आरक्षित सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बाल भारती सनराइज पब्लिक स्कूल, अकबरपुर | 9571846592 | 40 | 10 |
| 2 | ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रन एकेड्मी अकबरपुर | 9982242005 | 40 | 10 |
| 3 | न्यू ब्राईट एकेड्मी स्कूल अकबरपुर | 6377741877 | 48 | 12 |
| 4 | आदर्श विवेकानंद पब्लिक स्कूल अकबरपुर | 9461564695 | 60 | 15 |
| 5 | श्री बी.एल.डी स्कूल साहोड़ी | 9813176537 | 60 | 15 |
| 6 | मॉडल एकेड्मी माध्यमिक स्कूल अकबरपुर | 9929806695 | 40 | 10 |
| 7 | इग्लिश मिडियम मॉडल एकेडमी स्कूल खेडका | 9929806695 | 80 | 20 |
| 8 | सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल साहोडी | 8690250799 | 60 | 15 |

पंजीयन संख्या 53/84–85    वन्देमातरम्    स्थापित 1982

(विद्या भारती एवं विद्या भारती संस्थान जयपुर से संबद्ध)

**आदर्श शिक्षा समिति अलवर(रजि.)**

माणक भवन, स्कीम नं–4 , राजेन्द्र नगर ,अलवर – 301001

दूरभाष :– 0144–2940070 E-mail : ass.alwar@gmail.com

क्रमांक :– आ.शि.स.अल./ /2024–25    दिनांक :–

**प्रवेश प्रारम्भ**

आदर्श शिक्षा समिति अलवर (रजि.) द्वारा संचालित निम्न विद्यालयों में आरटीई की धारा 12 के तहत प्रथम कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिये जा रहे है। अभिभावकों द्वारा दिनांक 25.03.2025 से 07.04.2025 तक आनलाईन आवेदन www.rajpsp.nic.in या राजस्थान प्राईवेट स्कूल ऐप के माध्यम से किये जायेगें। ऑनलाईन लॉटरी द्वारा प्रवेश हेतु बालको का प्राथमिकता क्रम निर्धारण 09.04.2025 को होगा। अधिक जानकारी के लिए निम्न विद्यालयों में सम्पर्क करें।

| क्र. | विद्यालय का नाम | प्रधानाचार्य का नाम | कुल सीट | आरक्षित सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च मा. आदर्श विद्या मंदिर राजेन्द्र नगर अलवर | श्री दलीप कुमार सैनी | 36 | 9 |
| 2. | शीलारानी अरोडा बा.मा. आदर्श विद्या मंदिर राजेन्द्र नगर अलवर | श्रीमती राजकौर | 36 | 9 |
| 3. | उ.मा. आदर्श विद्या मन्दिर मालवीय नगर अलवर | श्री सुजीत कुमार झा | 36 | 9 |
| 4. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर,366 लाजपत नगर अलवर | श्री धमेन्द्र सक्सेना | 28 | 7 |
| 5. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर रामगली, अलवर । | श्री रमन सिंह | 28 | 7 |
| 6. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर बहादुरपुर | श्री वेद प्रकाश शर्मा | 36 | 9 |
| 7. | मा. आदर्श विद्या मंदिर लक्ष्मणगढ। | श्री जय प्रकाश शर्मा | 124 | 31 |
| 8. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर रामगढ | श्री मक्खन सिंह | 36 | 9 |
| 9. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर, गढीसवाईराम | श्री मुकेश कुमार शर्मा | 40 | 10 |
| 10. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर मालाखेडा | श्री दिनेश चन्द | 24 | 6 |
| 11. | केदारनाथ धामाणी आदर्श विद्या मंदिर राजगढ | श्री बाबूलाल शर्मा | 60 | 15 |
| 12. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर राजपुरबडा तह.राजगढ | श्री श्याम सुन्दर शर्मा | 44 | 11 |
| 13. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर टहला | श्री नरेश कुमार शर्मा | 40 | 10 |
| 14. | श्रीमती कृष्णा देवी बाईसीवाल आदर्श विद्या मंदिर प्रतापगढ | श्री सुवालाल शर्मा | 80 | 20 |
| 15. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर नांगलबानी | श्री महेन्द्र कुमार शर्मा | 40 | 10 |
| 16. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर किशोरी | श्री सत्यनारायण पांचाल | 36 | 9 |
| 17. | मा. आदर्श विद्या मंदिर थानागाजी | श्री प्रेमचन्द प्रजापत | 52 | 13 |
| 18. | मा. आदर्श विद्या मंदिर नारायणपुर | श्री अशोक कुमार सैनी | 40 | 10 |
| 19. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर मुण्डावरा | श्री हरिराम शर्मा | 24 | 6 |
| 20. | बा.उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर हनुमान पहाडी खैरथल | श्रीमती शोभना | 36 | 9 |
| 21. | आदर्श विद्या मंदिर हरसौली रोड खैरथल | श्रीमती नर्बदा | 36 | 9 |
| 22. | मा.सरस्वती आदर्श विद्या मंदिर हरसौली | श्री शीश राम यादव | 36 | 9 |
| 23. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर मुण्डावर | श्री संदीप चौधरी | 28 | 7 |
| 24. | मा. आदर्श विद्या मंदिर किशनगढबास | श्री सुभाष सिंह नरूका | 52 | 13 |
| 25. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर कोटकासिम | श्री दाताराम सैनी | 28 | 7 |
| 26. | मा. आदर्श विद्या मंदिर तिजारा | श्री भगवानाराम | 28 | 7 |
| 27. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर भौंकर | श्री नरसिंह | 36 | 9 |
| 28. | उ.प्रा. आदर्श विद्या मंदिर टपूकडा | श्री अखिलेश भारद्वाज | 36 | 9 |
| 29. | मा. आदर्श विद्या मंदिर भिवाडी | श्री दीपक कुमार शर्मा | 36 | 9 |

सतीश चन्द शर्मा
जिला सचिव
आदर्श शिक्षा समिति अलवर


राजस्थान आईटी डे 2025

# सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राजस्थान बनेगा अग्रणी राज्य- मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का किया भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा का विजन है कि राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी बने। इसी विजन के साथ राजस्थान आईटी डे का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर आइटी एक्सपो का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न स्टार्टअप्स के साथ संवाद किया और उनके नवाचारों की सराहना की। उन्होंने वीआर हैंडसेट और स्मार्टग्लासेस के डेमो भी देखे। उन्होंने कहा कि जल्द ही राजस्थान संपर्क 2.0 की शुरुआत होने जा रही है, जो राज्य में जवाबदेही और पारदर्शी सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

मुख्य सचिव ने आईटी डे को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की शासन सचिव व आयुक्त श्रीमती अर्चना सिंह और पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आईटी क्षेत्र से जुड़े कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ने विभिन्न नीतियां भी लॉन्च की हैं। पंत ने कहा कि आईटी वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। एक्सपो में स्टार्टअप्स, गेम्स, ऑडियो-विजुअल और फिल्म्स के प्रदर्शन ने राजस्थान में आईटी विकास की झलक पेश की है, जो यह दर्शाता है कि भविष्य में राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव व आयुक्त श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि राजस्थान आईटी दिवस 2025 राज्य के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत मंच प्रदान कर रहा है। यह न केवल प्रौद्योगिकी विकास को गति दे रहा है, बल्कि युवाओं को नवाचार के लिए भी प्रेरित कर रहा है।

### समापन समारोह में आईटी मंत्री देंगे ई-गवर्नेंस पुरस्कार

आयोजन का समापन समारोह 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होने वाले समापन समारोह में विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया जाएगा।

## सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में गुरूवार को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत नृत्य, गायन एवं विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास हेतु इन गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति के संरक्षण हेतु इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी लेने के लिए प्रेरित किया। विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में भारती यादव प्रथम, सीमा गुर्जर द्वितीय एवं अनुष्का शर्मा तृतीय स्थान पर रही। एकल नृत्य में नितिन मीणा प्रथम, सीमा गुर्जर द्वितीय एवं जसवंत व अनुष्का शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। युगल नृत्य में भारती व साक्षी प्रथम स्थान, निकिता एवं अनुष्का शर्मा द्वितीय स्थान तथा लक्की शर्मा व मीना यादव तृतीय स्थान पर रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बनवारीलाल विजय बांदीकुई को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की स्थानीय शाखा के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रतनलाल विजयवर्गीय को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश थली वालो के द्वारा शपथ ग्रहण के पश्चात, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बनवारीलाल विजय बांदीकुई को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महेश कौथून श्यामलाल टहला, उमाकांत खेड़ा, कल्याणपुर,देवेंद्र बांदीकुई, महेंद्र थाना राजगढ़, रतनलाल राजगढ़, सीताराम पीपलू, रतनलाल अजमेरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## राजस्थानी और भोजपुरी अभिनेत्री नेहा श्री जयमाला स्मृति उत्कृष्ट नायिका सम्मान से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थानी और भोजपुरी अभिनेत्री नेहा श्री को राजस्थान सिनेमा महोत्सव में जयमाला स्मृति उत्कृष्ट नायिका सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके राजस्थानी सिनेमा में योगदान और उपलब्धियों के लिए दिया गया है। कार्यक्रम के आयोजक शिवराज गुर्जर और विपिन तिवारी रहे। जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (URBAN & NRW), PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT, JAL BHAWAN, 2-CIVIL LINES JAIPUR, RAJASTHAN**

S.No. 31356-90    dated 20-03-2025

**BID NOTICE**

On behalf of the Governor of Rajasthan, PHED invites bids online in electronic format on website http://eproc.rajasthan.gov.in, from manufacturers for Procurement of ISI Marked CID Joints Size 80-600mm Class 10,15 & 20 as per IS 8794 (Amended/revised up to date). For details please visit website www.sppp.rajastan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in.

NIB Code: - PHE2425A5414
UBN Code:- CID Joints (80-600mm) PHE2425GLRC11885

**(Ashok Kumar Chordia)**
SUPERINTENDING ENGINEER
MATERIAL MANAGEMENT CIRCLE
PHED RAJASTHAN, JAIPUR

**DIPR/C/4248/2025**

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER P.H.E.D DIVISION TONK**

No. 3527-37    Date 24/3/25

**NOTICE INVITING TENDERS THROUGH e-procurement system**
**NIT No. 99/2024-25**

Online bids are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted "D and above" class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Contractors enlisted with other departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal/ Telecom/ Railways/ MES/ other State Government/ Central Government undertakings/ organization in class equivalent to "A and above" class of Rajasthan and meeting prescribed eligibility criteria may also apply. Details of this Bid notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIB exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan. gov.in. Bids are to be submitted online electronic format on web site http://eproc.rajasthan.gov.in.

| Work detail of NIT | Nit No-99/2024-25 |
|---|---|
| NIB No | PHE 2425A 5523 |
| UBN NO | PHE 2425 WS0B12114 |
| Available/ Submission of tender document at website | 03-04-2025 UP TO 18:00 Hrs |
| Opening of PQ tender | 04-04-2025 up to 16:00 Hrs. |

निविदा प्रपत्र वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in.**पर देखे व डाउनलोड किये जा सकते है। धरोहर राशि एवं टेण्डर राशि ई चालान के माध्यम से जमा किये जावे।

(Kaluram Meena)
Executive Engineer PHED Division Tonk.

## सम्पादकीय

# आर्थिकी का केंद्र बने आधी आबादी, भागीदारी बढ़ने से देश होगा विकसित

विश्व बैंक की हाल में आई रिपोर्ट 'बिकमिंग ए हाई इनकम इकोनमी इन ए जेनरेशन' बताती है कि 2047 तक भारत को उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ भूमि और श्रम सुधार भी करने होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 से अब तक भारतीय आर्थिकी लगभग चार गुना बढ़ी है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पादन करीब तीन गुना हो गया है। इसी दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2000 में 1.6 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 3.4 प्रतिशत हो गई है। विश्व बैंक की रिपोर्ट इस पहलू पर जोर देती है कि 2047 तक भारत को महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को 35.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके जनसंख्यिकीय लाभ उठाना चाहिए। पिछले छह वर्षों में महिला रोजगार से संबंधित आंकड़े आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, बेरोजगारी दर में कमी, कार्यबल में शिक्षित महिलाओं की बढ़ती संख्या और आय में लगातार वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। दुनिया भर के आंकड़े यह बता रहे हैं कि महिलाओं द्वारा संचालित उद्यम निरंतर बढ़ रहे हैं और महिलाएं घरेलू आय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

आर्थिक विकास को गति देने में 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम' (एमएसएमई) वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन के मुताबिक एमएसएमई वैश्विक अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत से अधिक व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 70 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देते हैं। भारत की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान वित्त वर्ष 2017-18 में 29.7 प्रतिशत था, जो 2022-23 में बढ़कर 30.01 प्रतिशत हो गया। पुरुषों के एकाधिकार वाले उद्यमों में भी महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। इसका प्रमाण यह है कि सात मार्च, 2025 तक कुल एमएसएमई पंजीकरण में जहां पुरुषों का प्रतिशत 59.52 था, वहीं महिलाओं का 40.10 प्रतिशत। ये आंकड़े मिसाल हैं कि महिलाएं आर्थिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं। देश में लगभग 15 प्रतिशत यूनिकार्न स्टार्टअप की संस्थापक कम से कम एक महिला है। महिलाओं के नेतृत्व वाले इन यूनिकार्न का संयुक्त मूल्य 4,000 करोड़ रुपये से अधिक है। विश्व बैंक के शोध पत्र 'फोस्टरिंग फीमेल ग्रोथ आंत्रप्रेन्योरशिप इन रूरल इंडिया' के अनुसार महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देने से ग्रामीण भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर और आर्थिक विकास को काफी बढ़ावा मिल सकता है। उसके अनुसार अगर इस क्षेत्र में प्रयासों में तीव्रता लाई जाए तो 2030 तक महिलाओं के स्वामित्व वाले 3.95 करोड़ उद्यम हो सकते हैं। बैन एंड कंपनी और गूगल की एक संयुक्त रिपोर्ट-'वुमन आंत्रप्रेन्योरशिप इन इंडिया-पावरिंग द इकोनमी विद हर' के अनुसार भारत में महिला उद्यमी 2030 तक 15-17 करोड़ नौकरियां पैदा कर सकती हैं, जो पूरी कामकाजी आबादी के लिए जरूरी नई नौकरियों के 24 प्रतिशत से अधिक हैं। भारत के आर्थिक विकास में ग्रामीण आर्थिकी वह आधार स्तंभ है, जिसकी मजबूती से विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकती है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार वाले श्रमिकों/नियोक्ताओं की हिस्सेदारी 2017-18 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 31.02 प्रतिशत हो गई है, जो स्वतंत्र कार्य और उद्यमिता की ओर महत्वपूर्ण कदम है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार उन सभी क्षेत्रों में हुआ है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 28 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अकबर ने मालवा की राजधानी सांरगपुर पर 1561 में हमला कर बाजबहादुर को हरा दिया।
- हॉलैंड में 1572 में स्पेन के सेना कमांडर के अत्याचारों के विरुद्ध जनान्दोलन आरंभ हुआ।
- पोलैंड का सन 1795 में विभाजन हुआ।
- सन 1809 में हुए मेडलिन युद्ध में फ्रांस के हाथों स्पेन की हार हुई।
- फ्रांस और ब्रिटेन ने 1854 में रूस के खिलाफ क्रीमिया युद्ध की घोषणा की।
- विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 1891 में आयोजित।
- सन 1917 में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान महिलाओं की सेना सहायक कोर की स्थापना हुई।
- अमेरिकी आविष्कारक ब्रेडली ए. फिस्के ने 1922 में माइक्रोफिल्म पठन यंत्र का पेटेंट कराया।
- सन 1930 में तुर्की के कई शहरों का नाम बदल दिया गया जिसमे अंगोरा और कांस्टेंटिनोपल ने अपना नाम बदलकर क्रमशः अंकारा और इस्तांबुल कर लिया।
- सन 1939 में स्पेन में गृहयुद्ध समाप्त हुआ।
- जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने पोलैंड के साथ एक दूसरे पर आक्रमण नहीं करने संबंधी पांच साल पुराने समझौते को 1939 में तोड़ा।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस 1941 में नजरबंदी से बचकर बर्लिन पहुँचे।
- चीन ने 1959 में तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया।
- रूस और अमेरिका के बीच 1963 में शीत युद्ध हुआ।
- इंग्लैंड के पास 1964 में पहला समुद्री डाकू रेडियो स्टेशन बना।
- डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग ने 1965 में काले अमेरिकियों के अधिकारों के लिए एलाबामा की राजधानी मॉंटगुमरी में 25 हजार लोगों के साथ मार्च निकाला।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1972 में परमाणु परीक्षण किया।
- मोरारजी देसाई ने 1977 में भारत में सरकार बनायी।
- वेस्टइंडीज के कोर्टनी वाल्स ने 2000 में 435 विकेट लेकर कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा।
- इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में 2005 में आये शक्तिशाली भूकम्प से भारी तबाही।
- अमेरिका ने 2006 में पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपना वाणिज्य दूतावास बंद किया।
- सन 2013 में इंटरनेट पर इतिहास का सबसे बड़ा हमला हुआ।
- सायना नेहवाल 2015 में दुनिया की नंबर एक महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं।

### 28 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध रूसी साहित्यकार मैक्सिम गोर्की का 1868 में जन्म हुआ।
- गणितज्ञ, हिंदी विश्वकोश के संपादक तथा हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य के बहुप्रतिभ लेखक गोरख प्रसाद का 1896 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# संवेदनहीन फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख : न्याय की नई परिभाषा




प्रो. आरके जैन

**देशभर में तीखा आक्रोश पैदा किया। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक, लोगों ने इस असंवेदनशील निर्णय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'वी द वीमेन ऑफ इंडिया' ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। जनता के गुस्से और संगठन की अपील को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च 2025 को इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया और 26 मार्च को सुनवाई शुरू की। जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने इस मामले को गंभीरता से लिया।**

न्याय का मंदिर तब तक अधूरा है, जब तक वहां पीड़ित को अपमान का कड़वा घूंट न पीना पड़े। यह मार्मिक और चिंतन को झकझोर देने वाला कथन उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में एक ऐतिहासिक सुनवाई के दौरान कहा, जिसने न केवल न्यायिक प्रणाली की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए, बल्कि समाज में पीड़ितों के प्रति गहरे बैठे असंवेदनशील रवैये को भी उजागर किया। यह टिप्पणी उस वक्त सामने आई जब सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक विवादास्पद और संवेदनहीन फैसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए उसे तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 17 मार्च 2025 को अपने फैसले में कहा था कि एक नाबालिग लड़की के सीने को पकड़ना, उसकी पायजामा की डोरी तोड़ना और उसे एक सुनसान पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना बलात्कार का प्रयास नहीं माना जा सकता। इस फैसले ने देशभर में आक्रोश की आग भड़का दी, क्योंकि यह न केवल कानून की मूल भावना को ठेस पहुंचाता था, बल्कि एक मासूम पीड़िता के दर्द को भी दरकिनार करता था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय करार देते हुए न केवल इस पर रोक लगाई, बल्कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस मामले में उचित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। यह कदम न्यायिक सुधार की दिशा में एक साहसिक पहल है और बलात्कार पीड़ितों, खासकर नाबालिगों, के प्रति समाज की सोच में बदलाव का एक मजबूत संकेत देता है। यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले का है, जहां 2021 में 11 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का प्रयास हुआ था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, दो आरोपियों ने लड़की को मोटरसाइकिल पर घर छोड़ने का लालच दिया। लेकिन रास्ते में उनकी नीयत खराब हो गई। उन्होंने लड़की का यौन उत्पीड़न शुरू कर दिया—उसके सीने को पकड़ा, उसकी पायजामा की डोरी तोड़ दी और उसे एक सुनसान पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश की। उस मासूम की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े आए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस जघन्य घटना के बाद निचली अदालत ने दोनों आरोपियों को बलात्कार के प्रयास और पॉक्सो एक्ट के तहत समन जारी किया था। यह फैसला पीड़िता को न्याय की राह पर ले जाने वाला एक कदम था। लेकिन इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज ने 17 मार्च 2025 को सुनवाई करते हुए निचली अदालत के फैसले को पलट दिया। जज ने तर्क दिया कि ऐसी हरकतें बलात्कार का प्रयास नहीं मानी जा सकतीं, क्योंकि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि आरोपियों का इरादा बलात्कार करना था। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना में प्रवेशात्मक यौन हमले का कोई सबूत नहीं है, इसलिए यह बलात्कार के प्रयास या पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला नहीं बनता। इसके बजाय, जज ने आरोपियों को कम गंभीर धाराओं के तहत समन जारी करने का निर्देश दिया। यह फैसला न केवल कानूनी रूप से विवादास्पद था, बल्कि एक नाबालिग के दर्द को कम आंकने का भी प्रतीक बन गया। जस्टिस गवई ने सुनवाई के दौरान कहा, हमें यह कहते हुए गहरा दुख हो रहा है कि इस फैसले में संवेदनशीलता का पूरी तरह से अभाव है। यह कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है और एक अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने यह भी उजागर किया कि यह फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया था। यह 13 नवंबर 2024 को हुई सुनवाई के बाद चार महीने के विचार-मंथन के बाद दिया गया था, जो जज के सोच-विचार को और स्पष्ट करता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले के पैराग्राफ 21, 24 और 26 पर विशेष आपत्ति जताई, जहां जज ने घटना का विस्तृत वर्णन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला था कि यह बलात्कार का प्रयास नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर तत्काल रोक लगाई और केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, और इलाहाबाद हाई कोर्ट को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यह आदेश इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए ताकि वे उचित कार्रवाई कर सकें। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप इस मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और न्यायिक प्रणाली में संवेदनशीलता की कमी को उजागर करता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले की देशभर में आलोचना हुई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य बताया, जबकि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने इसे असंवेदनशील और खतरनाक करार दिया। वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि यह घटना तैयारी से आगे की बात थी और कानूनी रूप से बलात्कार का प्रयास मानी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला जजों को यह याद दिलाता है कि उनके शब्द और निर्णय समाज पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

यह पीड़ितों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की जरूरत को रेखांकित करता है और भविष्य में संवेदनशील मामलों में जजों को अधिक सावधानी बरतने के लिए प्रेरित करता है। यह फैसला बलात्कार पीड़ितों, खासकर नाबालिगों, के लिए एक नई उम्मीद की किरण है। यह उन्हें भरोसा दिलाता है कि उनकी आवाज सुनी जाएगी और उन्हें अदालतों में सम्मान के साथ देखा जाएगा। यह समाज को यह संदेश भी देता है कि हमें पीड़ितों के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। हमें यह समझना होगा कि वे पहले ही एक गहरे आघात से गुजर चुके हैं, और उनकी पीड़ा को कम करने के लिए संवेदनशीलता जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट का यह साहसिक कदम इलाहाबाद हाई कोर्ट के असंवेदनशील और विवादास्पद फैसले को पलटने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ है, जो न केवल न्यायिक प्रणाली में व्याप्त संवेदनहीनता को उजागर करता है, बल्कि इसमें आमूलचूल सुधार की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

# मोदी जी वोट के लिए नहीं देश के लिए अपना कर्तव्य निभा रहे हैं



अशोक भाटिया

**भाजपा ईद के मौके पर अल्पसंख्यक परिवारों के घरों तक खुशियों की सौगात दे रही है। 'सौगत-ए-मोदी' किट के जरिए भाजपा 32 लाख मुस्लिमों के घरों तक पहुंच रही है और ईद की खुशियां बांटी जा रही है। ईद के जश्न से पहले मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और महिलाओं के लिए कपड़ों से भरी 'सौगत-ए-मोदी' किट बांटे जाने की शुरुआत हो चुकी है। इस पहल की शुरुआत दिल्ली के निजामुद्दीन औलिया के इलाके से हुई है। जहां अधिक संख्या में मुसलमान औरतें एकत्रित हुईं और सभी प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र के लिए दुआएं कर रही थीं। मुसलमान औरतें कह रही थीं कि ऐसे प्रधानमंत्री आगे कई साल तक देश में बने रहें।**

भाजपा का मकसद यह है कि देश में सौहार्द्र, भाईचारा और मिलीजुली संस्कृति की पहचान आगे बढ़ती रहे। भारतीय जनता पार्टी ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगत-ए-मोदी' किट दे रही है। भाजपा की ये पहल पार्टी के सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता यासिर जिलानी ने बताया, ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगत-ए-मोदी' किट देने के पीछे कोई बड़ा मकसद नहीं, बल्कि यह है कि हमारी सरकार के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास को जमीन पर चरितार्थ किया गया है। अब इसी माहौल में भाजपा की 'सौगात-ए-मोदी किट योजना ने राजनीतिक दलों के बीच खींचतान को और बढ़ा दिया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि यह कदम आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और भाजपा मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। कुछ लोग इसे सरकार की अच्छी पहल बता रहे हैं, तो कुछ इसे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास मान रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की का कहना है कि बिहार में चुनाव हैं इसलिए भाजपा मुस्लमानों को लुभाने का काम कर रही है। पहले भी देश में 10 वर्ष से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रदेश में 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन कभी भी भाजपा ने मुस्लमानों के हित की बात नहीं कही। भाजपा ने जितने अत्याचार किए हैं उन्हें मुस्लमान कभी भूल नहीं सकता।सपा, बसपा , कांग्रेस भी इसी प्रकार से प्रधानमंत्री के इस प्रयास की आलोचना कर रही है । भले ही विरोधी दल इसकों किसी भी नज़र से देख रहे हो पर एक सच्चा नेता जो कार्यकर्ताओं, अंधभक्तों या भक्तों की परवाह किए बिना निर्णय लेने का साहस दिखाता है। अगर इस परिभाषा को एक कसौटी के तौर पर देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता के वाजिब और सराहनीय उदाहरण हैं। उनका ताजा फैसला साहस दिखाता है। अगर चरम इस्लामोफोबिया, देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं/चुनौतियों के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराना अतिवादी हिंदुत्व की निशानी माना जाता है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने बिल्कुल भी परवाह नहीं की। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कई अन्य नेता हाल ही में हिंदुत्व कट्टरपंथियों के क्रोध का शिकार हुए हैं। इफ्तार खाना। इन लोगों को और कई अन्य लोगों को हिंदुत्व जलपाका की कठबोली बहती दिख रही है। कई मुसलमान रमजान के दौरान सख्त उपवास रखते हैं। इफ्तार उनकी रिहाई का सामूहिक उत्सव है। उपवास खजूर, फल, मिठाई और मांस का सेवन करके मनाया जाता है। इसमें भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में अन्य धर्मों द्वारा भाग लिया जाता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से, भाजपा नेताओं ने इससे परहेज किया है। लेकिन इस बार इसे मोदी द्वारा इस्लाम के करीब लाया जाएगा। भाजपा नेताओं को अब जलपाकों से डरने की जरूरत नहीं होगी। दिलचस्प बात यह है कि देश के लाखों गरीब मुसलमानों के लिए प्रधानमंत्री की विशेष यात्रा में इफ्तार घटकों को भी शामिल किया जाएगा।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस की आन बान और शान एडिशनल एसपी पारस मल जैन। जी हां ग्रामीण परिवेश से जुड़े होने के कारण संस्कार और सभ्यता में आज भी पारस पारस ही हैं। 13 अगस्त सन 1973 को महावीर जी जिला हिंडोन के पास छोटा सा गाँव है कुंजेला वहां इनका जन्म हुआ। आठवीं तक शिक्षा गाँव में ही हुई,उसके बाद महावीर जी और बाद में बीएससी करौली कॉलेज से किया। जयपुर आ गए उसके बाद आरएएस की तैयारी की और कॉपरेटिव इंस्पेक्टर में इनका सलैक्श हुआ लेकिन मंजूर तो ईश्वर को कुछ ओर ही था इन्हे तो अपराध रोकने का जिम्मा मिलना था सो 2000 में आरपीएस में सलैक्ट हुए। ट्रेनिग सादुलपुर चुरू जिले में हुई जहां अपराधियों का उस समय ये गढ़ माना जाता था सुखदेव सिंह गोगामेडी और विरेन्द्र सिंह नांगली इन पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित था वहां ये इन दोनों को पकड़ कर लाए थे। उसके बाद सीओ किशनगढ़ उसके बाद ऋषभदेव सीओ वहां से अलवर ग्रामीण वहां से सवाईमाधोपुर सिटी फिर कोटा सिटी सीओ व एसीपी सोड़ाला का पद संभाला यहीं से एडिशनल एसपी बने उसके बाद एसीबी रहे उसके बाद कोटा का प्रचलित रूद्राक्ष हत्याकांड हुआ जिसे बड़ी गंभीरता से लिया उसके बाद अलवर एएसपी हैडक्वाटर रहे यहां से भीलवाड़ा शहर फिर कोटा ग्रामीण वहां से एडीसीपी जयपुर साउथ वहां से आज एडिशनल एसपी भीलवाड़ा पद को सुशोभित कर रहे हैं। अपने आरपीएस बैच के टॉपर भी रहे हैं पारस। नौजवानो को नशे से दूर रखने और अपने शरीर को समय देने के लिए सैदव पेरित करते हैं। वैल पुलिसिंग के जरीए लोगों को संदेश भी देते हैं कि परिस्तिथी कैसी भी हो पर अपने कर्त्तव्य पथ पर अड़िग रहो। ऊर्जा से लबरेज ऐसे अधिकारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम।



पारसमल जैन
( एडिशनल एसपी )

रूपक शर्मा

## 2025_082
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | 7 | 2 | 5 | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 7 | 1 |
| | 5 | | | | | 3 | 4 | 2 |
| 8 | | | | 7 | 6 | | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | | 1 | | 9 | 6 | |
| | 6 | 4 | 5 | 9 | | 1 | 8 | |
| | 7 | 3 | | 5 | | 6 | 2 | 8 |
| 5 | 8 | | 3 | 4 | | | | 9 |
| | 9 | 2 | | | | | 3 | |

**Ans_2025_081**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई-बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलन होने से मन में आनंद का अनुभव होगा।

**वृष**
अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्य और ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मनमुटाव या विवाद के प्रसंग हो सकता है। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

**मिथुन**
संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें।

**कर्क**
व्यापार को बढ़ाने की कोई नीति आज काम नहीं करेगी। आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बड़ी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

**सिंह**
पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी टालने का प्रयास करें। दूर बसने वाले मित्र या स्नेहियों से मुलाकात होगी। ये आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दुविधायुक्त मनः स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

**तुला**
आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। कार्यभार बढ़ेगा। पारिवारिक मामले में गहरी रुचि लेकर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

**वृश्चिक**
गृह सजावट का आयोजन करेंगे। माता के साथ अधिक निकटता अनुभव करेंगे। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा।

**धनु**
यात्रा के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। पारिवारिक और जमीन-जायदाद से संबंधित चर्चाओं में सावधानी रखने की आवश्यकता है, वरना नुकसान हो सकता है। कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है।

**मकर**
प्रिय व्यक्ति के साथ मिलाप होगा। नए लोगों से मुलाकात सुखद रहेगी। शेयर-सट्टे से दूर रहें। आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़ें, इसका ध्यान रखें।

**कुंभ**
लंबी दूरी की यात्रा का योग है। तीर्थ यात्रा भी संभव हो सकेगी। अत्यधिक काम का बोझ से थकान का अनुभव करेंगे। बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा।

**मीन**
आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित

# राज्य सरकार विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत गुरुवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वर्चुअली माध्यम से प्रसारण कृषि ऑडिटोरियम टोंक के सभागार में किया गया। जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं, किसान, युवा, गरीब एवं वंचित वर्ग समेत समाज के विभिन्न वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इन सभी के पीछे हमारी सरकार की मंशा है कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएं, ताकि आमजन को इनका समय पर लाभ मिल सके। श्री नागर ने कहा कि इसी कड़ी में अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह के माध्यम से सरकार की ओर से जरूरतमंद लोगों को सहायता दी जा रही है। इसमें निर्माण श्रमिकों डीबीटी, डेयरी बूथ आवंटन, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा रहा है। हमारी सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला स्तरीय समारोह में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, सीईओ परशुराम धानका, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, चंद्रवीर सिंह चौहान, ओमप्रकाश गुप्ता, नरेश बंसल समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विशेष योग्यजन को श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, ट्राई साईकिल, मोबाईल फोन, डिजिटल स्टीक, वॉकर, कमर की बेल्ट, स्पाइनल स्पॉट तथा स्वामित्व योजना के तहत 1500 लाभार्थियों को पट्टा मय कार्ड वितरित किए गए। साथ ही, डेयरी, श्रम एवं राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम के लाभार्थियों को भी सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया।

**श्रम विभाग की योजना से विधवा प्रेम देवी का सपना हो सकेगा साकार :** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उपखंड देवली के ग्राम दूनी निवासी विधवा प्रेम देवी ने गुरुवार को कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित अंत्योदय कल्याण समारोह में कहा कि उनके द्वारा देखा गया बरसों पुराना सपना राज्य सरकार की मदद से पूरा हो सकेगा। प्रेम देवी ने बताया कि 20 वर्ष पहले उनके पति की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उन्होंने मजदूरी करके अपने पुत्र को पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने अपने पुत्र रोहित जलुथरिया को अफसर बनाने का सपना देखा। पुत्र आरएएस प्री परीक्षा उर्त्तीण करने के बाद मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुट गया। लेकिन महंगी किताबों एवं कोचिंग संस्थानों की फीस ने उसका हौसला कमजोर कर दिया। प्रेम देवी ने बताया कि इसी दौरान उन्हें श्रम विभाग की निर्माण श्रमिक कल्याण योजना की जानकारी मिली। इस योजना के माध्यम से उन्हें राज्य सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। लाभार्थी प्रेम देवी अपने पुत्र के उत्तरोत्तर कामयाबी की प्रार्थना करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

**सुशासन समारोह का आयोजन आज :** राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में चौथे दिन शुक्रवार को सुशासन समारोह का आयोजन किया जाएगा।



# अपराधियो में डर एवं आम जन में विश्वास से अपराधो पर अंकुश व कानून व्यवस्था नियन्त्रण में रह सकती है : एएसपी बेनीवाल

### एएसपी ने ली थाना प्रभारियो की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा स्थित एएसपी कार्यालय में एएसपी मोटाराम बेनीवाल नें क्षैत्र के सभी थाना प्रभारियो की अपराध गोष्ठी आयोजित कर कानून व्यवस्थाए बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

गुरूवार को आयोजित गोष्ठी में मौजुद थाना प्रभारियो को निर्देश प्रदान करते हुए एएसपी मोटाराम बेनीवाल ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था नियन्त्रण में रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलु क्षेत्र के अपराधियो में पुलिस का डर होना आवश्यक है। साथ ही पुलिस भी थाना क्षैत्र के प्रबुद्धजनो को विश्वास में लेकर भी कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के साथ साथ अपराधो पर भी अंकुश लगा सकती है। एएसपी बेनीवाल ने कहा कि आने वाले त्यौंहारी सीजन में अपने अपने क्षैत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सभी प्रकार के आवश्यक कदम उठाऐं। उन्होंने कहा कि जिस क्षैत्र में अपराधो पर नियन्त्रण हो जाता है और माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई होती है वह क्षैत्र अपराध मुक्त हो जाता है। एएसपी बेनीवाल ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षैत्र में कड़ी चोकसी रखे। अपराधियो पर कड़ी नजर रखे साथ ही अपराधो पर नियन्त्रण के लिए प्रबुद्धजनो का सहयोग प्राप्त करे। उन्होंने निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की सुनवाई हो और न्याय संगत कार्य कर राहत प्रदान किया जाए। इस गोष्ठी में वृताधिकारी आशिष प्रजापत, मालपुरा थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी, पचेवर थानाधिकारी मुकेश कुमार सहित लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी भी मौजुद रहे।

### भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर वाहन रैली कल राम श्यामा और 11 सो दीपको से महाआरती 30 को

# सजावट के लिए लगाई भगवा फर्रियो के गिरने की चर्चा जोर शोर से



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को सायंकाल 5 बजे विशाल एवं भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। भारतीय नववर्ष आयोजन समिति संयोजक रमाकान्त पाठक ने बताया कि 29 मार्च शनिवार को सायंकाल 5 बजे पुरानी तहसील स्थित श्री चारभुजानाथ के मन्दिर से विशाल एवं भव्य वाहन रैली रवाना होगी। इस रैली में शहर के वाहन चालक भगवा ध्वज लहराते हुए आगे बढ़ेगें। यह रैली शहर के माणक चोक, आजाद चोक, खवास जी कटला, ज्योति मार्केट्र, गांधी पार्क, नवीन मण्डी बाजारो से होकर सुभाष सर्किल, व्यास सर्किल होते आदर्श नगर स्थित शिव मन्दिर पहुंचेगी। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद महाआरती होगी व प्रसादी का वितरण होगा। पाठक ने बताया कि भारतीय नववर्ष की शुभबेला पर शहर के मुख्य चौराहो पर रंगोलिया सजाई जाएगी। साथ ही आयोजन समिति के सदस्य मुख्य स्थानो पर मौजुद रहकर शहरवासियो को तिलक लगाकर भारतीय नववर्ष की बधाई और शुभकामनाए देगें। वहीं इसी दिन शाम को सुभाष सर्किल पर 11 दीपको से महाआरती के बाद भारत माता की आरती की जाएगी।

**नववर्ष आने से पूर्व ही होने लगी सजावट धराशाही :** भारतीय नववर्ष आयोजन समिति नगरपालिका के सहयोग से भारतीय नववर्ष व राजस्थान दिवस के मौके पर सजावट का कार्य शुरू किया गया है। सजावट कार्य के अन्तर्गत शहर के मुख्य स्थानो पर तोरणद्वार बनाने का काम जोर शोर से चल रहा है। साथ ही शहर को भगवा फर्रियो से पाटा जा रहा है। इसके अलावा दुधिया रोशनी का काम भी जारी है। सुभाष सर्किल पर आकर्षक सेल्फी पाइन्ट भी बनाए जाएगें। सजावट करने वाली एजेन्सी के द्वारा भगवा फर्रियो को काफी नीचे लटकाया गया है। आने जाने चार पहिया वाहनो में ही यह फर्रिया अटक कर टूट कर जमीन पर गिर रही है। सजावट कार्य में लगी फ्ररियो के काफी नीचे होने की चर्चा सोशल मीडिया पर काफी चल रही है। अभी भारतीय नववर्ष के तीन दिन बाकी है लेकिन भगवा फर्रियो के टूट कर जमीन पर गिरने की चर्चा सौशल मीडिया सहित आम जन की जुबान पर है।

### वन विभाग कर रहा लगातार मॉनिटरिंग

# एरोहैड की बिगड़ी तबीयत, किया ट्रेंकुलाइज, उपचार जारी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथभौर की प्रसिद्ध बाघिन टी-84 यानी एरोहैड का वन विभाग की टीम ने मंगलवार देर शाम को ट्रेंकुलाइज कर उपचार किया। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पेट की दांयी ओर एक फोड़ा हो रहा था। ऐसे में वन विभाग की टीम ने झालरा वन क्षेत्र में बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया और इसके बाद चिकित्सकों की टीम ने बाघिन का उपचार किया और फोड़े में से मवाद निकाली। साथ ही मवाद के सेंपल भी लिए। अब सैंपल को जांच के लिए वन विभाग की ओर से बरेली भेजा जाएगा। बाघिन के राइट हिप ज्वाइंट पर सूजन और लप की सर्जरी की गई। साथ ही बाघिन को रिकवरी के लिए लूयड थैरेपी, ऑक्सीजन थैरेपी, विटामिन, एंटीबॉयोटिक दवाएं दी गई। गौरतलब है कि वन विभाग की मुय वन्यजीव प्रतिपालक शिखा मेहरा से अनुपति लेने के बाद ही स्थानीय वन अधिकारियों ने बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर उसका उपचार किया है।

**करीब 13 माह पहले भी किया गया था उपचार :** यह पहला मौका नहीं है, जब बाघिन एरोहैड को ट्रेंकुलाइज कर उसका उपचार किया गया है। पूर्व में करीब 13 माह पूर्व में 23 फरवरी 2024 को भी बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर उसका ऑपरेशन किया गया था। चिकित्सकों की माने तो प्रथम दृष्ट्या बाघिन बोन ट्यूमर की समस्या से जूझ रही है।

**यह चिकित्सक शामिल रहे मेडिकल बोर्ड में :** वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन के उपचार के लिए जो मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था। उसमें वन विभाग जयपुर के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ.अरविंद माथुर, रणथभौर बाघ परियोजना के पशु चिकित्सक डॉ. सीपी मीणा, पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राजीव गर्ग शामिल थे।

**बीमार है बाघिन, डाइट में आई कमी :** जानकारी के अनुसार बाघिन उपचार से पहले भी लगातार शिकार कर रही थी, लेकिन शिकार करने के बाद बाघिन इसे पूरा नहीं खा रही है। बाघिन पूरी डाइट नहीं ले रही है। वह शारीरिक रूप से पहले की उपेक्षा वर्तमान में कमजोर है। बाघिन की उम्र भी काफी है और उसे बीमारी है। फिर भी विभाग की ओर से लगातार उसे बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**इनका कहना है :** बाघिन को ट्रेकुंलाइज कर उसका उपचार किया गया है। बाघिन के खून व मवाद के सैंपल लिए हैं, इन्हें बरेली जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. राजीव गर्ग, वरिष्ठ पशु चिकित्सक, सवाईमाधोपुर।**

**उपचार जारी :** वन अधिकारियों ने बताया कि जब करीब 13 माह पूर्व बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर उसका उपचार किया तो बाघिन के तीनों शावकों की उम्र करीब नौ से दस माह के आसपास थी। शावकों के छोटा होने पर बार-बार बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने से बाघिन की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। लेकिन वर्तमान में बाघिन के शावकों की उम्र करीब 23 माह की हो गई है और शावकों ने बिना मां के जंगल में शिकार कर रहे हैं। ऐसे में अब बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर उसका उपचार किया गया है।

# कार्य समाप्ति में केवल तीन दिन गांवो में शुरू भी नही हुई सफाई, अधिकारियों नही टेंडर की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** ग्राम पंचायत देवली-भांची में सफाई व्यवस्था सुधारने का काम अधूरा रह गया। पंचायत मुख्यालय और उसके अधीन गांवों में सफाई के लिए 14 लाख रुपए का ठेका दिया गया था। फरवरी में जारी वर्क ऑर्डर के तहत यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 की आखिरी तारीख तक खर्च होनी थी। लेकिन ठेकेदार, ग्राम विकास अधिकारी और प्रशासक की मिलीभगत से सफाई कार्य अब तक शुरू ही नहीं हुआ। टेंडर की शर्तों के अनुसार कार्य समाप्ति में सिर्फ तीन दिन बचे हैं।

**अधिकारियों को टेंडर की जानकारी नहीं :** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पंचायत समिति विकास अधिकारी टोंक सविता राठोर को टेंडर की जानकारी ही नहीं है। उन्हें पता ही नहीं कि ग्राम पंचायत देवली-भांची में सफाई का टेंडर हुआ भी है या नहीं। ग्राम विकास अधिकारी और प्रशासक भी अनभिज्ञ हैं। इससे साफ है कि पंचायत समिति में ठेकेदार और कार्मिकों की मिलीभगत से बड़ा खेल खेला जा रहा है।

**गांवों में गंदगी, ग्रामीणों में आक्रोश :** गांवों में सफाई व्यवस्था की बदहाली से ग्रामीणों में आक्रोश है। गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लेकिन ग्राम पंचायत और ठेकेदार की अनदेखी से हालात सुधरने की बजाय और बिगड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गड़बड़ी की तुरंत जांच कर ठेकेदार और संबंधित कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**ग्रामीण बोले- सिर्फ कागजों में हो रहा काम :** ग्रामीणों का कहना है कि सफाई के नाम पर सिर्फ कागजों में काम हो रहा है। जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। गंदगी के बीच जीना अब मजबूरी बन चुका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



# महाराणा सांगा पर विवादित टिप्पणी का विरोध-राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ राजपूत समाज ने उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।सांसद सुमन की संसद सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करने व कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। समाज के लोगों ने कहा कि सांसद सुमन की टिप्पणी न केवल राजपूत समाज बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है।ऐसी टिप्पणियां समाज में वैमनस्य और विद्वेष फैलाती हैं। महाराणा सांगा भारत के स्वाभिमान, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक हैं। उनकी गौरवशाली गाथा राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। इस दौरान लोगों ने महाराणा सांगा जिंदाबाद और सांसद रामजीलाल सुमन मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन के दौरान राजपूत समाज के अजय सिंह बावड़ी,गोविंद सिंह पलई,दुर्गा सिंह सुनारी, डॉ.तेजभंवर सिंह राठौड़,गिरधर सिंह तंवर,नटवर सिंह राठौड़,प्रेम सिंह राजावत,निखवेंद्र सिंह,दिलीप सिंह कोलाडा,मोनी बना,योगेंद्र सिंह,बद्री सिंह राजावत,विक्रम सिंह सहित राजपूत समाज के सेकड़ो लोग मौजूद रहे।

# झण्डारोहण के साथ दो दिवसीय मेले का हुआ शुभारम्भ


बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा क्षेत्र के चौसला स्थित शनि धाम पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले का झण्डारोहण के साथ शुभारम्भ हुआ। गुरूवार को धाम आचार्य भरत शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरपंच प्रतिनिधि दयालदास स्वामी सहित अन्य भक्तो की मौजुदगी में झण्डा रोहण हुआ। आचार्य शर्मा ने बताया कि चौसला स्थित शनि धाम में भगवान शनि शिला के रूप में विराजमान है। शनि शिला का तेलाभिषेक करने एवं पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाऐं पूरी होती है। पं. शास्त्री ने बताया कि चौसला स्थित शनि धाम पर 29 मार्च शनिवार को शनि अमावस्या के पावन अवसर विशाल एवं भव्य मेले का आयोजन होगा।

# क्या है राणा सांगा का टोंक कनेक्शन खानवा युद्ध के विजेता थे राणा सांगा : डॉ.नरूका

बढ़ता राजस्थान






**डिग्गी।** टोंक शिलालेख जो यह प्रमाणित करता है कि खानवा के युद्ध में राणा सांगा हारे नही थे अपितु खानवा से बाबर को बुरी तरह से खदेड़ने के बाद घायल अवस्था में बसवा दौसा आए वहाँ के वैद्य उनका इलाज करने में असमर्थ रहे क्योंकि उनके तोप का बारूद लगा था और उसका जहर शरीर में फैलता जा रहा था फिर तय हुआ कि एक तरफ से राणा सांगा चलेगे दूसरी ओर से मेवाड से उनके राजवैद्य चलेगे इसीक्रम में राणा सांगा डिग्गी टोंक पहुंचे। यहाँ उनकी हालत बहुत ही नाजुक हो चली थी। उन्होने अपनी अवस्था देखते हुए खानवा युद्ध में वीरता पराक्रम दिखाने वाले समस्त सामंतों को पुरस्कृत किया व जागीरे प्रदान की। इतिहासकार डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका फुलेता बताते है कि इतिहास में यह भी देखने योग्य है कि राणा सांगा घायल अवस्था में सम्पूर्ण मैदानी भाग से मेवाड़ की ओर जा रहे थे बाबर ने पीछा कर उन्हे मारा क्यों नही? मेवाड़ पर आक्रमण क्यों नही किया? बाबर खानवा युद्ध का विजेता था तो मेवाड़ पर अपना प्रशासक नियुक्त क्यों नही किया ? मेवाड़ से कर क्यों वसूल नही किया? इससे स्पष्ट होता कि बाबर स्वयं खानवा से अपनी जान बचा कर भागा था। डॉ.नरूका बताते है कि बाबर ने अपनी आत्म कथा बाबर नामा में भी लिखा है कि राणा सांगा से अब और युद्ध करने का उसमें साहस नही है,उसने सांगा जैसा वीर योद्धा नही देखा।

यहाँ यह भी विचारणीय है कि कोई भी हारा हुआ राजा अपने सामन्तों को पुरस्कृत करेगा या दण्ड देगा? खानवा युद्ध के बाद राणा सांगा ने अपने सामंतों को पुरस्कृत किया था। डिग्गी,टोंक का शिलालेख बता रहा है कि किसी तिवाड़ी नामक वैद्य ने उनका इलाज किया था तथा यही उन्होनें खानवा युद्ध के वीर पराक्रमी योद्धाओं को पुरस्कृत किया व जागीरे प्रदान की। डिग्गी,टोंक में अपने सामन्तों को पुरस्कृत करने के बाद राणा सांगा माण्डलगढ़ भीलवाड़ा लाए गए,यहाँ तक आते आते बारूद का जहर शरीर में इतना अधिक फैल चुका था कि उनकी मृत्यु हो गई और 80घाव वाले अविजयी राणा सांगा ने अन्तिम सांस ली।

# चेटी चंद महोत्सव 30 मार्च रविवार को हर घर जलेगी भगवान झूलेलाल की ज्योति तथा गूंजेगा आयोलाल : झूलेलाल का जयकारा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** पूज्य सिंधी पंचायत अलवर द्वार सिंधियत दिवस चेटी चंद महोत्सव 30 मार्च 2025 रविवार को बड़ी ही धूम धाम से सिन्धु भवन दाउदपुर अलवर में मनाया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत अलवर के अध्यक्ष गोविंद राम मिंगलानी ने बताया कि यह निर्णय समाज की हुई मिटिंग में लिया गया जिसमें विश्व सिंधी सेवा संगम के अन्तर्राष्ट्रीय सचिव सुरेश कुमार थदानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष तेजू मल रामचंदानी, महासचिव सुभाष चंद निहालानी, रेडिमेड गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार कोरजानी, मेला कमेटी अध्यक्ष भजन लाल गणेशानी, फल सब्जी मंडी आड़ती एसोसिएशन के संरक्षक ठाकुर दास भोजवानी, पंचायत संरक्षक चंदू लाल बोदवानी, सिंधी सखी विकास समिति की अध्यक्ष गीता साधवानी, प्रेम प्रकाश मंडल के अध्यक्ष आसा राम दात्तवानी, सहित सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

चेटी चंद महोत्सव पर 29 मार्च 2025 शनिवार को प्रात 9.15 बजे सिंधु भवन दाउदपुर अलवर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। साँय 04 बजे वाहन रैली सिंधु भवन से प्रारंभ होकर अलवर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई शहीद स्मारक तक जाएगी। शहीद स्मारक पर सिंध के सपूत अमर शहीद हेमू कालानी सहित अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेंगे।

# लाडो प्रोत्साहन योजना : पहली कक्षा में पढ़ने वाली पात्र बेटियों को मिलेंगे चार-चार हजार रुपए

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच, उनका समग्र विकास एवं बेहतर शिक्षण व स्वास्थ्य के लिए राजकीय व निजी विद्यालयों में प्रवेश लेने वाली पात्र बेटियों को लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से तृतीय किस्त का भुगतान किया जाएगा। योजना के तहत स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाली पात्र बेटियों को विभाग 4 हजार रुपए प्रोत्साहन के रूप में देगा। यह राशि सरकारी और निजी किसी भी स्कूल में प्रवेश लेकर स्कूल जाना प्रमाणित होने पर जारी की जाएगी। ब्लॉक में राजकीय विद्यालयों में 1291 बालिकओं में से 631 बालिकाओं ने आवेदन किया।



**स्कूलों से शाला दर्पण पर आवेदन :** जानकारी अनुसार बेटी के जन्म से लेकर इसके बाद मिलने वाली नकद राशि की लाडो प्रोत्साहन योजना के रूप में यह तीसरी किस्त होगी। इसके लिए बच्ची के अभिभावक को संबंधित शिक्षण संस्थान में बैंक खाता, आधार कार्ड सहित कई दस्तावेज देने होंगे। जिनके आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान शाला दर्पण पोर्टल पर आवेदन करेगा। अब स्कूलों से शाला दर्पण पर आवेदन लिए जा रहे है। इसके बाद विभाग बालिका के अभिभावक के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित करेगा।

**योजना में पात्रता की यह शर्त :** सरकारी चिकित्सालय अथवा जननी सुरक्षा योजना के लिए अधिकृत निजी चिकित्सा संस्थान में बालिका का जन्म हुआ होना चाहिए। लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ राजस्थान जन आधार कार्ड के माध्यम से ही दिए जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग से बेटी के जन्म पर प्रथम और टीकाकरण पर दूसरी किस्त प्राप्त की गई हो। शाला में प्रवेश के समय बालिका के माता-पिता का जनाधार कार्ड एवं बैंक पासबुक देनी होगी।

**प्रवेश के 15 दिन बाद भुगतान :** शिक्षा सत्र वर्ष 2025-26 से प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को भी भुगतान किया जाएगा। इसके लिए संबंधित स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के 15 दिनों बाद भुगतान होगा। योजना में उनको भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने मुख्यमंत्री राजश्री योजना की शर्तों के तहत आवेदन तो किया, लेकिन राशि उनके खाते में जमा नहीं हो पाई।

**21 वर्ष तक मिलेंगे एक लाख रुपए :** सरकार ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए राजश्री योजना को समाहित करते हुए पिछले साल 1 अगस्त को लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। योजना के तहत जन्म से लेकर 21 वर्ष की आयु पूरी होने तक बेटियों को सात चरणों में एक लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।

इसमें बेटी के जन्म व एक साल पूरा होने पर 2500-2500 व कक्षा एक में प्रवेश पर 4 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह छठी में प्रवेश पर 5, 10 वीं में 11 हजार, 12वीं में 25 व स्नातक उत्तीर्ण करने और 21 वर्ष की आयु पूरी होने पर 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के दिए जाएंगे।

**दो संतानों की शर्त हटी, सबको मिलेगी राशि :** चार हजार रुपए कक्षा एक में प्रवेश लेने वाली सभी पात्र बेटियों को को मिलेंगे। शर्त यह है कि उनका जन्म सरकारी अस्पतालों या जननी सुरक्षा योजना के लिए अधिकृत निजी चिकित्सा संस्थानों में हुआ हो। वे पहले की दो किस्ते भी ले चुकी हो। इससे पहले राजश्री योजना में दो संतान पर ही योजना का लाभ मिलने की शर्त इस योजना में हटा दी है।

**इनका कहना है :** लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत ब्लॉक की सभी सरकारी व निजी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेशित पात्र छात्राओं को चार- चार हजार रुपए की राशि दी जाएगी। यह राशि छात्राओं को सीधे खाते में मिलेगी। इसके लिए विभाग में तैयारी चल रही है। ब्लॉक की बेटियों को जल्द ही योजना का लाभ मिल सकेगा।

**लीलावती मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

## ग्रामीण क्षेत्र में सभी सरकारी भवनों पर रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने दिया लक्ष्य, प्रथम चरण में हर ग्राम पंचायत में बनेंगे दो-दो स्ट्रक्चर, ग्रामीण क्षेत्र में 8 बावडियों का कार्य 15 मई तक पूरा करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरूवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल संचय जन भागीदारी अभियान, एमजेएसए 2.0 के फेज प्रथम के कार्यों की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के कार्यों में जिले को एक यूनिट के रूप में मानते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से टीम भावना के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर जिले में जल संचय हेतु किए गए समस्त कार्यों को अपलोड करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जल संचय में जिले की रैंकिंग देश में उच्च स्थान पर रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित की गई 8 प्राचीन बावडियों का जीर्णोद्धार, सौन्दर्यकरण व जल संरक्षण के समस्त कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि ये बावडियां हमारी विरासत है। इन्हें संरक्षित करने के साथ-साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही इनके आसपास पौधारोपण व पार्क आदि बनाने के प्रस्ताव भी ले सकते हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि अलवर पूरा जिला डार्क जोन के अंतर्गत आता है अत: यहां जल संरक्षण के कार्यों की महती आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण के कार्यों के प्रस्ताव कर उन्हें स्वीकृत करावे। इसके मद्देनजर उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त सरकारी कार्यालयों के भवनों में रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाएंगे, अत: प्रथम चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 2-2 कार्य करावे तथा शेष रहे कार्यों को भी प्रस्ताव तैयार कर उन्हें स्वीकृत करावे। उन्होंने हर गांव में 10-10 मैजिक पिट स्वीकृत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हर गांव में एक-एक रिचार्ज साफ्ट के कार्य स्वीकृत कराकर करावे तथा इसी प्रकार प्रत्येक गांव में कुण्ड व जोहड के जीर्णोद्धार डिशिल्टिंग के कार्य कराने के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि स्वीकृत सभी जल संरक्षण संबंधित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने रीको के वरिष्ठ क्षेत्राीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्रों में रूफटॉप हार्वेस्टिंग के कार्यों को कराने हेतु औद्योगिक इकाइयों से समन्वय कर कार्य पूर्ण करावे तथा अग्यारा स्थित एसटीपी के शोधित जल का उपयोग औद्योगिक क्षेत्रों में कराने हेतु औद्योगिक इकाइयों से समन्वय करें। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉकवार एमजेएसए 2.0 के कार्यों की नियमित समीक्षा करें। बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालूखे गौरव रविन्द्र, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री नरेन्द्र मोथू, मनरेगा के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र लक्खीवाल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभि यन्ता संजय खत्री, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त बीडीओ मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में सीबीईओं ने दिए निर्देश, नामांकन वृद्धि हेतु संस्थाप्रधान बनाएं कार्ययोजना

## बिना मान्यता के तथा खंडहर भवनों में संचालित निजी विद्यालयों की होगी जांच



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड के समीपवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढ़िगावड़ा में गुरुवार को शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना ने ब्लॉक रैंकिंग, विद्यालय में नकारा सामान का निस्तारण, वृक्षारोपण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने नवीन सत्र में विद्यालय नामांकन वृद्धि के लिए कार्ययोजना बनाकर उसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक को लक्ष्य देकर अभिभावकों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दें जिससे नामांकन वृद्धि के प्रयास सफल हो।

उन्होंने कहा कि आपके परिक्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों की मॉनिटरिंग करें जिससे बिना मान्यता तथा मान्यता से अधिक कक्षा संचालित करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही के प्रस्ताव भिजवाया जा सकें। बैठक में ब्लॉक एमआईएस राजकुमार गुप्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, अपार आईडी शत प्रतिशत जनरेट करने तथा बालिका प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी। बैठक में मनफूल सिंह, दिनेश सैनी, अनिल कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा, कन्हैयालाल सैनी ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक का संचालन प्रधानाचार्य फोरम के सचिव नंदकिशोर मीना ने किया। बैठक में प्रधानाचार्य फोरम के अध्यक्ष बच्चनलाल मीना, मुरारीलाल, मनोज शर्मा, अंजना गुप्ता सहित ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# करनी सेना द्वारा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी पर फूंका पुतला

## सपा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नरूका बड़ेर के द्वारा जानकारी दी गई कि घोडाफेर सर्किल पर हृदय सम्राट महान राणा सांगा के विषय में सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा दिया गया ,बयान बेहद ही शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके संदर्भ में श्री राजपूत करणी सेना और सभी संगठन ओ के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और साथ ही सपा सांसद का पुतला दहन किया गया करणी सैनिक व सामाज के बन्धुओ सैकड़ों की संख्या उपस्थित रहे और विरोध दर्ज कराया है करणी सेना के द्वारा चेतावनी दी,अगर सासंद रामजीलाल सुमन की सदस्ता रद नहीं ओर पार्टी से निष्कासित नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन के चेतावनी दी, अगर कोई हानि होती है तो इसमें रामजीलाल सुमन की जिम्मेदारी होगी है प्रदेश संगठन मंत्री दीपक सिंह तंवर, सूर्य प्रताप सिंह,सूरजभान सिंह गौड़, राजेश सिंह बहाली, रमेश सिंह चौहान, महिपाल सिंह शेखावत,गिरवर सिंह नरूका, जितेंद्र राठौर,गोवर्धन सिंह सिसोदिया, धीरज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह नरूका,नरेश सिंह नरूका, उदय पाल सिंह,समय सिंह, रोहिताश सिंह, भगवत सिंह, विशाल, जग्गू बना, उम्मेद सिंह देवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सैकड़ों कि संख्या में मौजूद रहे हैं ।

# दो बेटियों का किया कन्यादान, दिए उपहार और लिया आशीर्वाद, नेक कमाई के हुए 262 कन्यादान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दो बेटियों का कन्यादान किया गया जिन्हें कन्यादान करने काफी संखया में महिलाओं ने भाग लिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिलता महा सममेलन की अलवर शाखा अध्यक्ष वैशाली जसोरिया के नेतृत्व में महिलाओं ने कन्यादान किया। कार्यक्रम में संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि अलवर में बेटियों के कन्यादान में सभी सामाजिक संगठन आगे आ रहे हैं जो अनुकरणीय उदाहरण है। कार्यक्रम के मुखय अतिथि जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा थे। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, कार्यक्रम संयोजक गुरप्रीत सिंह पवित्र ने अतिथियों का स्वागत किया। मुखय संरक्षक दौलत राम हजरती ने नेक कमाई के कन्यादान कार्यक्रम, कचरा बीनने वाले बच्चों के लिए चलाए जा रहे शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूलों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक सोनिका अरोड़ा सहित शिक्षाविद उमा छाबड़ा ने विचार व्यकत किए। संचालन निष्ठा नारंग ने किया। नेक कमाई अब तक 262 कन्यादान कर चुका है।


**सेवा कार्यों के लिए किया सममानित :** कार्यक्रम में सेवा भावी कार्यों के लिए नारी सशकितकरण की दिशा में कार्य कर रही वैशाली जसोरिया, संगीता हल्दिया, अंजू गोयल, कंचन गोयल, दीपा खंडेलवाल, विजय लक्ष्मी शेखावत, स्वयं सहायता समूह से मनीषा प्रजापत, रेखा शर्मा, ज्योति सैनी, अनीता प्रजापत, गुडडी सैनी को सममानित किया गया।

**सेवा मार्ग पर चलना कठिन है :** कार्यक्रम में जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सेवा कार्यों के लिए समूह को साथ लेकर चलना कठिन कार्य है। बेटियों के चरण धोकर उनसे आशीर्वाद लेना भगवान के प्रति समर्पण का जीता- जागता नमूना है। नेक कमाई ने अपने कार्यों से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने आभार जताया। कार्यक्रम में मानवेन्द्र ड्क्षसह, परमजीत ड्क्षसह गोगिया, सौरभ कालरा, अजय आनंद गोयल, ललित बेनीवाल और आशुतोष शर्मा उपस्थित थे।

# संघर्षों के साए में इतिहास हमारा पलता है, जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

अलवर/दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने जूली ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के बलबूते पर ही देश का विकास संभव है। जूली गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के राजस्थानी विद्यार्थियों द्वारा आयोजित राजरस 2025 राजस्थान संस्कृति की झलक कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य का भार उठाते हैं और उनमें देश की बेहतरी के लिए क्रांति लाने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सशक्तिकरण दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं जिनके बारे में हमारे देश के युवाओं को जागरुक किया जाना चाहिए। इसलिए हमारे राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं के समग्र



विकास को सुविधाजनक बनाना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर पॉलिटिकल साइंस कुलपति रेखा सक्सेना, एनएसयूआई दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशीष लाम्बा,संयुक्त सचिव दिल्ली विश्वविद्यालय लोकेश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव आकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्वान मौजूद रहे।

# अपराधियों और अवैध मादक पदार्थ बेचने वालों की अब खैर नहीं : सिंह

## बासदयाल थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही, बानसूर वृत्त क्षेत्र में पुलिस की कार्यवाही पर हो रही चर्चा,

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के वृत्त बानसूर पुलिस की चहूँ और चर्चा हो रही है। आमजन में पुलिस का विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। जहाँ देखो वहीं किसी न किसी थाने के साथ आजकल बासदयाल थाने की चर्चा तो आ ही जाती है। वहीं लगातार बदमाशान के खिलाफ कार्यवाही के दौरान बासदयाल पुलिस ने अवैध सादा देशी शराब के 48पव्वों के साथ एक मुल्ज़िम को गिरफ्तार किया है। वृतांधिकारी दशरथ सिंह ने बताया कि बासदयाल थाना पुलिस सहित वृत्त क्षेत्र की पुलिस द्वारा बदमाशान के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।यह अभियान रेंज जयपुर के पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लाम्बा, उप महानिरीक्षक पुलिस सह पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली बहरोड़ राजन दुष्यंत, के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में तथा बानसूर वृतांधिकारी दशरथ सिंह के निर्देशन में एवं बासदयाल थानाधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। बासदयाल थाना पुलिस को बदमाशान व मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में गस्त के दौरान जरिए मुखवीर सूचना मिली कि कोई आदमी अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर बासदयाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अवैध सादा देशी शराब के 48पव्वों के साथ रसनाली निवासी सुनील पुत्र बहराम जाति सिंगीवाल आयु 30वर्ष को गिरफ्तार किया गया है,तथा अक्साईज एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसन्धान शुरू कर दिया है। सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारीयों के आदेशानुसार गठित टीम में बासदयाल थाधिकारी प्रदीप कुमार, हैडकांस्टेबल अमरसिंह मीणा, कांस्टेबल सावरमल तथा शंकरलाल शामिल रहे।

बानसूर वृतांधिकारी ने बताया कि बानसूर वृत्त क्षेत्र के बदमाशी करने वाले व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की अब खैर नहीं है उन्हें किसी भी सूरत ने नहीं बख्शा जाएगा।

# भूगोल विषय के स्वयंपाठी परीक्षार्थी के प्रशिक्षण शिविर 29 मार्च से

बढ़ता राजस्थान


राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में भूगोल विषय का प्रशिक्षण शिविर 29 मार्च से प्रारंभ होगा। राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य डॉ के एल मीना ने बताया कि बीए सेमेस्टर प्रथम एवं तृतीय के स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिनका परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ है। उनके भूगोल विषय का प्रशिक्षण शिविर 29 मार्च से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक आयोजित होगी। इन प्रशिक्षणों में परीक्षार्थियों को आवश्यक रूप से उपस्थित होना है।

# सुशासन समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 मार्च को प्रताप ऑडिटोरियम में होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अलवर(का.स.)। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से प्रताप ऑडिटोरियम में सुशासन समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राजस्थान दिवस के कार्यकमों की श्रृंखला में इसी प्रकार 29 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च को सांय 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 31 मार्च को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक निवेश उत्सव आयोजित होगा।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन में संगठनात्मक नियुक्तियां, अनिल जैन ठौरा बने कोटा रीजन के अध्यक्ष


बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** इंदौर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के कोटा रीजन में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने कोटा क्षेत्र के लिए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इसमें अनिल जैन ठौरा को कोटा क्षेत्रीय अध्यक्ष, पीयूष जैन को महासचिव और हेमंत पाटनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस निर्णय की घोषणा संस्था के पुष्पा कासलीवाल (शिरोमणि संरक्षक), देवेन्द्र कासल (राष्ट्रीय अध्यक्ष) और विनय जैन (राष्ट्रीय महासचिव) द्वारा की गई। आगामी 30 मार्च को उज्जैन में आयोजित शपथ विधि समारोह में वे औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल जैन ठौरा ने अपने प्रारम्भिक सम्बोधन में संगठन की महत्वाकांक्षाओं और भविष्य की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोटा रीजन में वर्तमान में 16 सोशल ग्रुप सक्रिय हैं, जिनमें सामंजस्य स्थापित करने और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने उन शहरों में जहां ग्रुप नहीं हैं, नए सोशल ग्रुप खोल कर सेवा कार्यों का विस्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश चादवाड (कार्य अध्यक्ष), उमेश अजमेरा और जेके जैन (संयुक्त महामंत्री), सुरेश हरसोरा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) और राजेन्द्र ताथेड़िया (उपाध्यक्ष) के अलावा प्रकाश बज, पदम बडला, राजमल पाटौदी और पीके हरसोरा ने नई टीम को शुभकामनाएं दी। अनिल जैन ठौरा ने केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

## राजस्थान दिवस पर 30 मार्च को राजकीय संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 30 मार्च को समस्त राजकीय संग्रहालयों एवं स्मारकों में देशी-विदेशी पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। अधीक्षक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, कोटा वृत हेमेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ में स्थित राजकीय संग्रहालयों व स्मारकों में देशी-विदेशी पर्यटकों का 30 मार्च को निःशुल्क प्रवेश की सुविधा मिलेगी।

# कोटा में अन्त्योदय कार्यक्रम में 21 दिव्यांगजनों को मिले आवश्यक उपकरण, जीवन हो जाएगा आसान

- प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए, भरतपुर में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ मुख्य समारोह
- 29 मार्च को कोटा में होगा राज्य स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव, मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी संकल्प के तहत गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में हुआ, जिसका सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया। कोटा में जिला स्तरीय समारोह सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को सरल, सुगम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में आयोजित अन्त्योदय कल्याण समारोह के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए। यह आयोजन कृषि प्रबंधन केन्द्र सियाम ऑडिटोरियम में गुरुवार को हुआ। इसमें कोटा जिले के 21 दिव्यांगजनों को उनकी पात्रता के अनुसार विभिन्न उपकरण प्रदान किए गए।

**मुख्यमंत्री का लक्ष्य हर वर्ग को साथ लेकर चलने का :** मुख्यमंत्री शर्मा का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का है, जिसमें दिव्यांगजन भी समान अधिकारों और अवसरों के हकदार हैं। उनका मानना है कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी दैनिक जरूरतों को सहज बनाने के लिए सरकार की योजनाएं सिर्फ औपचारिकताएं नहीं होनी चाहिएं, बल्कि उनमें मानवीय संवेदना झलकनी चाहिए। इसी उद्देश्य से सरकार ने बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत यह व्यवस्था की, ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजनों को समय पर आवश्यक सहायक उपकरण मिल सकें। कार्यक्रम में चार ट्राइसाइकिल, एक व्हीलचेयर, चार बैसाखी, तीन छड़ी, एक नेत्रहीन दिव्यांग को स्मार्ट मोबाइल, पांच दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र और तीन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदान किए गए।

**कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद :** कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष देहात प्रेमचंद गोचर, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया, लाडपुरा खंड विकास अधिकारी शैलेश रंजन, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक भी मौजूद रहे।

**स्वामित्व योजना में मिले पट्टे :** अन्त्योदय कार्यक्रम में जिला परिषद की ओर से स्वामित्व योजना में 100 पट्टों का वितरण किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, एसीईओ हर्षित वर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने पात्रों को पट्टों का वितरण किया। इस क्रम में भीलवाड़ा में विकास एवं सुशासन उत्सव 28 मार्च को आयोजित होगा।

**29 को कोटा में होगा युवा एवं रोजगार उत्सव :** राजस्थान दिवस पर आयोजित हो रहे साप्ताहिक महोत्सव की कड़ी में 29 मार्च को श्रीराम रंगमंच, दशहरा मैदान कोटा में युवा एवं रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 7 हजार नियुक्ति पत्रों का वितरण किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट शिविर होंगे। इस अवसर पर स्किल नीति एवं युवा नीति का विमोचन, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के दिशा-निर्देश, निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रुपए की सहायता के लिए योजना के दिशा-निर्देश, अटल ज्ञान केन्द्र के दिशा-निर्देश एवं नई किरण नशामुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान एवं बच्चों को बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी प्रारम्भ की जाएगी।

# सहकारिता सामाजिक एकता और ग्रामीण सशक्तिकरण को देती है बढ़ावा : राठौड़

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ लि. कोटा की विचार गोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ लि. कोटा की ओर से सरस सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोटा-बूंदी के पशुपालकों, किसानों, दुग्ध समितियों के सचिव, सरस डेयरी के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सरस डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने की।

**सहकारिता के लाभ और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी :** बैठक में अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने सहकारिता के विभिन्न लाभों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों और पशुपालकों को सहकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि सहकारी संस्था सरस डेयरी के माध्यम से कृषकों को अधिक आर्थिक सहायता, बाजार सुविधा और तकनीकी सहायता प्राप्त हो रही है। कोटा सरस डेयरी सब के सहयोग से 2 करोड़ रुपए से अधिक के लाभ में पहुंची है।इस मुनाफे से पशुपालकों के लाभ की विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाएगा। यही सहकारिता का धर्म व उद्देश्य है।

**केन्द्रीय नेतृत्व और सहकारिता की भूमिका :** राठौड़ ने अपने सम्बोधन में कहा, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और राज्य सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक के विजन को पूरा करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

हमारी सहकारी समितियों को अपने कार्यों को कुशलतापूर्वक निभाना चाहिए और अधिकारी उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने सहकारी समितियों को मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया।

**रोजगार के नए अवसर और ग्रामीण विकास :** राठौड़ ने बताया कि सहकारी समितियों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) के माध्यम से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारी आंदोलन केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और ग्रामीण सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है।

### सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प

गोष्ठी में मौजूद विशेषज्ञों और अधिकारियों ने सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि आत्मनिर्भरता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और भविष्य में इसे और अधिक प्रभावी बनाने की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने सहकारी आंदोलन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई और सभी को सहकारी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा में विशाल मंगल कलश यात्रा, भगवा युवा वाहिनी सहित कई आकर्षण होंगे, अद्भुत व दिव्य बनाने का लक्ष्य

### हिन्दू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति की पत्रकार वार्ता, समिति के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया सम्बोधित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** हिन्दू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविंद नारायण अग्रवाल ने कहा कि, इस हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2082 के शुभारम्भ चैत्र शुक्ला एकम वर्ष प्रतिपदा पर कोटा महानगर में दिव्य नवाचार किया जा रहा है। इस नवाचार के रूप में संवत् के शुभारम्भ, 30 मार्च को कोटा के इतिहास की सबसे बड़ी मंगल कलशयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। अग्रवाल का कहना था कि कोटा के सर्व हिन्दू समाज ने यह निर्णय लिया है। सर्व हिन्दू समाज के इस निर्णय को साकार भव्य रूप देने के लिए समिति युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है। अग्रवाल गुरुवार को समिति की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस क्रम में वर्ष प्रतिपदा के दिन 30 मार्च, रविवार को दोपहर 12 बजे दशहरा मैदान से शंख ध्वनि के साथ हिन्दू शोभायात्रा, मंगल कलश यात्रा, भगवा वाहिनी यात्रा प्रारम्भ होगी।शोभायात्रा दशहरा मैदान से सीएडी चौराहा होते हुए दादाबाड़ी छोटा चौराहा, बसंत विहार, तीनबत्ती सर्किल व जीएडी सर्किल होते हुए श्रीनाथपुरम स्टेडियम पहुंचेगी। स्टेडियम में यह शोभा यात्रा विशाल हिन्दू धर्म सभा में बदल जाएगी। इसे ध्यान योगीजी महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी जी महाराज, साध्वी सत्यप्रिया दीदी आदि संत सम्बोधित करेंगे।

**शोभायात्रा को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा :** शोभायात्रा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मार्ग में पीने के पानी और खानपान की वस्तुओं की स्टालों की व्यवस्था भी रहेगी। शोभा यात्रा के लिए दशहरा मैदान पर सुबह 11 बजे से ही कलश वितरण प्रारम्भ हो जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि हिन्दू शोभायात्रा न केवल विराट होगी, बल्कि इसमें विविध दर्शनीय आयोजन भी होंगे। संतों की बग्घी सवारी, महिलाओं की 51 हजार कलशों के साथ ऐतिहासिक मौजूदगी, हजारों युवाओं का भगवा साफे में सम्मिलित होना, भजन मंडलियां, डीजे बेंड-बाजे, लोक कलाकार, मंदिरों के प्रमुख, अखाड़ों के उस्तादों की मौजूदगी, घोड़े बग्घी आदि पूरे आकर्षक एवं भव्य कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएंगे। समिति के महामंत्री छगन माहुर ने बताया कि हिन्दू नववर्ष के कार्यक्रमों को भव्य और दिव्य स्वरूप में आयोजित करने के लिए कोटा महानगर समिति के अतिरिक्त 12 नगर स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

#### आज होगा मेले का आयोजन

स्वदेशी मेला समिति के संयोजक किशन पाठक ने बताया कि हिन्दू नववर्ष पर कुछ वर्षों से एक दिवसीय मेले का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी 28 मार्च को शाम 4 बजे से सेवन वंडर्स पर स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा।

#### पत्रकार वार्ता में ये भी रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में समाजसेवी अजय सिंह, श्याम बिहारी नागर, अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, महामंत्री छगन माहुर, शोभायात्रा संयोजक सत्यनारायण श्रीवास्तव, डॉ. बाबूलाल भाट, लोकेन्द्र सिंह राजावत, सह संयोजक मुकट नागर, कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहता, मीडिया संयोजक अरविंद सिसोदिया, सह संयोजक हुकूमत सिंह झाला, सोशल मीडिया संयोजक रणजीत सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## सरसी एवं बांगेड़ा घाटा जीएसएस की बढ़ेगी क्षमता
## विधायक कृपलानी की अनुशंसा पर 1.33 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति जारी

बढ़ता राजस्थान



निम्बाहेड़ा (नि .स .)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के उदयपुर जोन कार्यालय ने पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर निम्बाहेड़ा विधानसभा के कनेरा घाटा क्षेत्र में 33/11 केवी सरसी एवं बांगेड़ा घाटा जीएसएस की विद्युत वितरण क्षमता बढ़ाने की प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है। विधायक कृपलानी ने बताया कि एईएन (ओएंडएम) एवीवीएनएल, मांगरोल के अधीन 33/11 केवी उप-स्टेशन सरसी पर विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता (1*5) एमवीए से (1*5+ 1*3 .15) एमवीए तक बढ़ाने के लिए एवीवीएनएल उदयपुर जोन के मुख्य अभियंता द्वारा 75 लाख 36 हजार 716 तथा एईएन (ओ एंड एम) एवीवीएनएल, मांगरोल के अधीन 33/11 केवी उप-स्टेशन बांगेड़ा घाटा पर विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता (1*3 .15+1*5) एमवीए से (2*5) एमवीए तक बढ़ाने के लिए 57 लाख 97 हजार 214 रुपये की तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है। सरसी एवं बांगेडा घाटा के 33/11 जीएसएस पर विद्युत वितरण क्षमता बढ़ने से क्षेत्र में विद्युत समस्याओं से किसानों एवं क्षेत्रवासियों को निजात मिल सकेगी। सरसी एवं बांगेडा घाटा जीएसएस पर विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता में बढ़ोतरी की तकनीकी स्वीकृति जारी होने पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पंस प्रधान बगदीराम धाकड़, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ सहित किसानों एवं क्षेत्रवासियों ने पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नशा मुक्ति के लिये रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के लिये रैली का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. आर के सिंह ने रैली को रवाना किया तथा विधार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने विधार्थियों को नशे से दूर रहकर अपने जीवन में सकारात्मक विचारों को शामिल करने पर बल दिया। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मधु नागर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में हम समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। विधार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन किया तथा नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस दौरान प्रो. उर्मिल महलावत, प्रो. पीसी जाट, प्रो. सुरेश कुमार यादव, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार, प्रो. संदीप कुमार समेत अनेक विधार्थी उपस्थित रहे।

## चालू कार्यों में अधिकाधिक प्रगति एवं गुणवत्ता के निर्देश, संभागीय आयुक्त ने ली संवेदकों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** संभागीय आयुक्त एवं क्षेत्रीय विकास आयुक्त सीएडी चम्बल राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने ग्रीष्म ऋतु ब्लॉक में नहर संचालन बंद रहने के दौरान माह अप्रेल, मई, जून में नहरों के जीर्णोद्धार, सुदृढ़िकरण कार्यों, खेत सुधार आदि के प्रगतिरत कार्यों में अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएडी सभागार में आयोजित बैठक में सीएडी के अधिकारियों एवं निर्माण कार्यों के संवेदकों ने भाग लिया। बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2014-15, 2022-23, 2023-24 के लाइनिंग, ड्रेनेज तथा ओएफडी के कुल 39 कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक कार्य की प्रगति के लिए संवेदक एवं अधिकारियों से तत्काल कार्य प्रारम्भ करने की तैयारियों एवं इस ब्लॉक में अधिकतम प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।बैठक में उपस्थित संवेदकों को कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्ध सम्पन्न करने के लिए क्षेत्रीय विकास आयुक्त ने निर्देश दिए। कहा कि सभी कार्य अप्रेल, 2025 के प्रथम सप्ताह तक आवश्यक रूप से प्रारम्भ किअ जाएं। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व समस्त तैयारियां (1 अप्रेल से पूर्व) यथा कार्य स्थल पर क्वालिटी कन्ट्रोल लेब की स्थापना एवं कार्य स्थल पर साइट इंजीनियर की नियुक्ति एवं आवश्यक संसाधन मशीन, पेवर इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी निर्माण कार्य सामग्री के उचित अन्तराल पर क्वालिटी कन्ट्रोल परीक्षण किए जाएं। कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया जाए। कार्यों में साफ-सुथरी बनास की बजरी/रेत को ही उपयोग में लाया जाए। समस्त निर्माण कार्यों के दौरान निर्धारित अवधि तक तराई (जूट बैग सहित इत्यादि) की अनुकूल व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। कार्य स्थल पर दुर्घटना से बचाव के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। कार्य निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएं। नहर रेगुलेशन के दौरान लाइनिंग के पैनल में डिफेक्ट उत्पन्न हो गए हैं। उनका माह अप्रेल 2025 में हटाकर नई लाइनिंग पैनल निर्मित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य का अंतिम भुगतान करने से पूर्व तखमीने में दिअ गए समस्त कार्य पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक कार्य का निर्धारित प्रारूप में सूचना पट्ट लगाया जाए।

ग्रीष्मऋतु 2025 के दौरान करवाए जाने वाले निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व खंडीय स्तर पर सम्बन्धित जल उपयोक्ता संगमों के अध्यक्षों के साथ संवेदक की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर संचालित कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। बैठक में उपस्थितों को कार्य की विवरण की प्रति उपलब्ध करवाई जाए। मौके पर संवेदक फर्म को कार्य करना अनिवार्य है। किसी अन्य को पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर कार्य आवंटित नहीं किया जाए।

## कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राखी गौतम का आरोप- मुख्यमंत्री की सभा में भीड़ बढ़ाने के लिए सरकारी कर्मचारियों व नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को पाबंद किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं राजस्थान महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राखी गौतम ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार जनता और युवाओं से किए गए रोजगार के वादे निभाने में विफल साबित हुई है। एक विज्ञप्ति में राखी गौतम ने 29 मार्च को कोटा में आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री की सभा में भीड़ बढ़ाने के लिए सरकारी कर्मचारियों व नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को पाबंद करने का भी आरोप लगाया है। इसमें राखी ने अपनी पार्टी की तय भाषा का प्रयोग करते हुए आगे कहा है कि, एक ओर जनता कार्यालयों में काम नहीं होने तथा शहर की लचर सफाई व्यवस्था से त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की नाकाम भाजपा सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर पर्ची सरकार के पर्ची मुख्यमंत्री की सभा में सिर गिनाने के लिए कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से पाबंद कर रही है, जो घोर निंदनीय है। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता का भाजपा की सभाओं से मोहभंग हो गया है। जनता भाजपा के दोहरे चरित्र को पहचान गई है।

## बाघिन फिर पहुंची रणथंभौर दुर्ग

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथभौर की मशहूर बाघिन टी-84 यानी एरोहैड और उसके शावकों का रणथभौर दुर्ग से खासा लगाव देखने को मिल रहा है। बाघिन या फिर उसके शावक बार-बार रणथभौर दुर्ग पर दस्तक दे रहे हैं। बुधवार सुबह करीब दस बजे भी बाघिन एरोहैड का शावक दुर्ग में 32 खंभों की छतरी के पास स्थित गार्डन में आ गया। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं एहतियात के तौर पर श्रद्धालुओं को दुर्ग में प्रवेश नहीं दिया गया। वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन के शावक ने करीब पौन घंटे तक गार्डन और उसके आसपास के क्षेत्र में विचरण किया। इसके बाद शावक का मूवमेंट परण्या वन क्षेत्र की ओर हो गया।

### राज्यस्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह : 'गरीबी मुक्त राजस्थान' हमारा संकल्प राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां

# अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हो रहा सशक्त : मुख्यमंत्री शर्मा

- 92 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित,
- स्वामित्व योजना में 20 हजार पट्टे एवं माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरित




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प "गरीबी मुक्त राजस्थान" बनाना है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने इस वर्ष के बजट में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से हमारी सरकार पहले चरण में 5 हजार गांवों में सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएगी तथा इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। शर्मा गुरूवार को राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित अन्त्योदय कल्याण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है तथा इस प्रगति का लाभ प्रदेश में गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। अब अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति सशक्त होने के साथ ही मुख्यधारा में आ रहा है।

**महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर साढ़े छह हजार रूपये एवं बुजुर्ग, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत किसानों को दी जा रही पेंशन बढ़ाकर 1,250 रुपये प्रति माह किया है। सभा स्थल पर मुख्यमंत्री ने आमजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एमएसजे कॉलेज में पूर्व सहपाठियों से संवाद किया और महारानी जया श्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। गृह राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। गरीब उत्थान के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के लिए उन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी।

कार्यक्रम में श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, विधायक बहादुर सिंह, जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, कुलदीप धनखड़, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभा श्रीमती श्रेया गुहा, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### देश प्रदेश तक ब्रजभूमि से अंत्योदय का पहुंचेगा विचार

मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राजस्थान के एकीकरण में योगदान देने वाली विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि 30 मार्च 1949 को वृहद राजस्थान भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। इसीलिए हमारी सरकार ने 30 मार्च के स्थान पर हर साल भारतीय नववर्ष की चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभ तिथि पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा राजस्थान दिवस उत्सव की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्त्योदय का विचार ब्रज की भूमि से देश-प्रदेश तक पहुंचेगा।

### गरीब सशक्त तो देश सशक्त

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गरीब, युवा, किसान व महिला के सशक्त होने से ही देश और प्रदेश सशक्त होगा। इसी सोच के साथ हमने सरकार में आते ही गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर राहत प्रदान की है तथा श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद व्यक्ति को गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का आयोजन

## जिला कलक्टर ने दिव्यांगजनों को किया ट्राइसाइकिल हीयरिंग मशीन व अन्य उपकरणों का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी संकल्प के साथ गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन भरतपुर में हुआ जिसका सभी जिलों में सीधा प्रसारण हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में पंचायत समिति कार्यालय के सभागार में आयोजित हुआ।राज्य स्तरीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, डेयरी / स्वायत्त शासन विभाग, उद्योग विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं की मार्गदर्शिका का विमोचन, पट्टा वितरण, उपकरण वितरण, डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में राशि का हस्तांतरण एवं फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरण, दिव्यांगजनो को डिवाइस वितरण किए गए। साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वीसी के माध्यम से संवाद भी किया।जिला कलक्टर ने कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण किया एवं दिव्यंजनाओं को ट्राइसाइकिल, बैसाखी, हियरिंग मशीन का वितरण किया। लाभार्थियों ने उपकरण प्राप्त कर माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान एसडीएम कोटपूतली बृजेश कुमार, बीडीओ हरिओम मीणा, डीएसओ शशि शेखर शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन सही संबंधित अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

---

## ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अनीमिया मुक्त भारत/राजस्थान कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अनीमिया मुक्त भारत/राजस्थान कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में सीएचसी नारेहड़ा व गोनेड़ा एवं डाबला रोड़ स्थित राजपूताना कॉलेज में किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने कहा कि चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग मिलकर कार्य करें एवं बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की गोलिया एवं कृमि नाशक दवा एलबेन्डाजोल अवश्य खिलायें। डिप्टी सीएमएचओ (प.क.) डॉ. जयभगवान यादव ने बताया कि 5 से 9 वर्ष तक के बच्चों को मंगलवार को गुलाबी गोली व 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पिंक गोली खिलावें। ताकि बच्चों को अनीमिया की बीमारी से सुरक्षित किया जा सकें। बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने बताया कि कोई भी बच्चा, किशोर-किशोरी व गर्भवती महिला खून की कमी की बीमारी से ग्रस्त ना हो। बच्चों व गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां वितरण करने के साथ-साथ शाला दर्पण एवं पीसीटीएस में समय अनुसार रिपोर्टिंग की जाये। 06 माह से 59 माह के छोटे बच्चों को आईएफए की सिरप आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दी जायेगी। इसी तरह 6 से 9 वर्ष तक के विद्यालय जाने वाले बच्चों को विद्यालय में तथा विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गुलाबी गोली दी जायेगी।

10 से 19 वर्ष तक के विद्यालय जाने वाले बच्चों को विद्यालय में तथा विद्यालय ना जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नीली गोली दी जायेगी। जिला आशा समन्वयक राजवीर गुर्जर ने बताया कि जो अनिमिया की दवा बच्चों को खिलाई जा रही है उसकी प्रगति रिपोर्ट शाला दर्पण एवं पीसीटीएस पोर्टल पर इन्द्राज करें। ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर विजय तिवाड़ी ने बताया कि अनीमिया मुक्त करना हमारा कर्तव्य है। आयरन सिरप 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रो में दी जायेगी। साथ ही गर्भवती व धात्री महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रो पर दी जायेगी। प्रशिक्षण डॉ. रवि शंकर डिगवाल, डॉ. प्रकाश सैनी, डॉ. योगिता कुमावत, सीताराम सैनी,राजेंद्र स्वामी आदि द्वारा दिया गया। इस मौके पर प्रत्येक स्कुल से एक शिक्षक उपस्थित रहे।

---

## पूर्व सांसद पडित रामकिशन का सौ वाँ जन्म दिवस आज

### जयपुर में होगा सम्मान समारोह, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत एवं के सी त्यागी करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** समाजवादी विचारक और भरतपुर के वयोवृद्ध पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन के सौ वे जन्म दिवस पर जयपुर में शुक्रवार 28 मार्च को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित हो्टल किलाकर्स आमेर में साम 7 बजे आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में भरतपुर और डीग जिलों के सभी नये पुराने सांसद एवं विधायकों को आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मान समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को भी आमंत्रित है। उनकी स्वीकृति आपेक्षित है। पंड़ित रामकिशन के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम मे जेडीयू ( नितीश ) के प्रवक्ता के सी त्यागी भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व कैविनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह सुभाष गर्ग पूर्वी मंत्री विधायक ग्रह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म विधायक शैलेश कुमार विधायक जगत सिंह विधायक बहादुर सिंह कोली बयाना विधायक रितु बनावत सांसद संजना जाटव सांसद भजन लाल जाटव पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली पूर्व मंत्री नत्थी सिंह पूर्व मंत्री जाहिदा खाँन मदन मोहन सिंघल पूर्व मंत्री , पूर्व विधायक अनीता सिंह गोपी चन्द गुर्जर व विजय बंसल भरतपुर सहित दोनों जिलों के सभी वर्तमान सांसद व विधायको तथा सभी पूर्व और वर्तमान विधायको और सांसदों को आमंत्रित किया गया है । अन्य अनेक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल होगे ।

## शनिवार व रविवार एवं 31 मार्च को भी खुले रहेंगे उपपंजीयक कार्यालय

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. ) ।** उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक मुनिदेव यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के अन्तिम सप्ताह में लगातार तीन दिन राजकीय अवकाश होने के बावजूद आमजन की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान अजमेर द्वारा जारी निर्देशानुसार आमजन की सुविधा हेतु शनिवार व रविवार एवं 31 मार्च 2025 को राजकीय अवकाश के दिन भी अन्य कार्यदिवसों की भांति वृत कार्यालय एवं वृत्ताधीन समस्त उपपंजीयक कार्यालय शनिवार व रविवार एवं 31 मार्च 2025 को राजकीय अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि 1 अप्रेल 2025 से सप्ताह में 2 दिवस प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से सायं 8 बजे तक जिला मुख्यालय पर स्थित उपपंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। आमजन उपरोक्त अवकाश दिवसों में कार्यालय में अपने दस्तावेज पंजीयन करा सकेंगे। साथ ही एमनेस्टी योजनानतर्गत पुरानी बकाया वसूली की राशि में व्याज व शास्ति की नियमानुसार रियायत का लाभ लेते हुए राशि जमा करा सकेंगे।

---

## मूंडिया गांव में नाले के ऊपर अतिक्रमण से सड़क पर फैला गंदा पानी स्कूली बच्चों व गांव के लोगों को निकलने में हो रही भारी परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना के मूडिया गांव में नाले पर अतिक्रमण और नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे स्कूली बच्चों व गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि-गांव में घरेलू पानी की निकासी के लिए नाला बना हुआ है। कुछ दबंग लोगों ने इस पर अतिक्रमण कर लिया है। इस कारण नाले की सफाई भी नहीं हो पा रही है। नाले से ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। स्कूली बच्चों को कीचड़ भरे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। जिसकी वजह से बच्चों की यूनिफॉर्म गंदी हो जाती है। नाले के ऊपर हो रहे अतिक्रमण के समाधान को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बच्चों का कहना है कि आए दिन कोई न कोई कीचड़ में फिसलकर चोटिल हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब ग्रामीण अतिक्रमण करने वालों से नाले की सफाई के लिए कहते हैं, तो वे विवाद करने लगते हैं। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है। पंचायत समिति के बीडीओ नरेंद्र सिंह ने कहा कि पहले भी शिकायत मिली थी। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को मौके का निरीक्षण करने भेजा था। विकास अधिकारी ने जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## पेड़ से लटके युवक की हुई पहचान : जयपुर से अपने गांव इंडावा जाते समय हुआ अपहरण, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कस्बे के गांव सिकन्दरा में एक छात्र का शव पेड़ से लटका मिला। छात्र की पहचान दीपक कुमार मीणा (18) निवासी लालसोट थाना क्षेत्र के गांव इंडावा के रूप में हुई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरा में बुधवार की है। दीपक के भाई भीमसिंह ने बताया कि दीपक जयपुर के सांगानेर में रहकर बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। वह 21 मार्च को जयपुर के जगतपुरा स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन में बैठकर गांव जा रहा था। उसकी आखिरी लोकेशन दौसा में मिली थी। शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने फोन किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। परिजन उसे दौसा और जयपुर में तलाशते रहे। कोई सुराग न मिलने पर 22 मार्च को जयपुर के जवाहर सर्किल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई है। परिजनों का आरोप है कि किसी ने दीपक का अपहरण कर हत्या की है।

उनका कहना है कि मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ पर लटकाया गया। बयाना कोतवाली एसएचओ बाबूलाल गुर्जर के अनुसार, मृतक के मोबाइल के आईएमईआई नंबर से कॉल डिटेल निकालकर परिजनों को सूचित किया गया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बयाना के प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र में दादी जानकी की मनाई पुण्यतिथि

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कस्बे में आर्य समाज रोड पर स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र पर दादीजी की पुण्यतिथि ब्रह्माकुमारी कमलेश बहन की उपस्थिति में मनाई। ब्रह्माकुमारी बहन कमलेश ने अपने उदबोधन में कहा की दादीजी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थी। और वह दिव्य गुण एवं दिव्य शक्तियों से संपन्न थी। वे एकनामी ओर इकानोमी की अवतार थी, दादी हमेशा उच्च विचारों और सादा जीवन जीने वाली थी,दादीजी के सभी संकल्प सिद्ध होते थे, दादीजी जी अंतर मन से शुद्ध आत्मा थी, साक्षी बहन कमलेश ने कहा दादीजी एक्यूरेसी से काम करती थी। दादी अमृत वाले योग और मुरली क्लास की ओर विशेष ध्यान देती ओर दिलाती थी। दादीजी ने हमेशा तीन बातों पर सच्चाई, सफाई और ईमानदारी पर ध्यान दिया। ब्रह्मकुमार बजरंग भाई ने बताया कि दादीजी हर व्यक्ति के मन की बात समझती थी।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारी शशि बहन, इन्द्रा, बबली, पुष्पा, विजय अजीराम, लीला, रामबेटी, मधु, केशुला आदि कई लोगों ने दादीजी के चित्र पर माल पहनाकर पुष्प अर्पित किए।

---

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर होंगे भव्य कार्यक्रम

## 5100 दीपको के साथ भव्य दीपोत्सव एवं रंगीन आतिशबाजी के साथ हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** स्वच्छता सेवा दल के तत्वाधान में 30 मार्च को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर कोटपूतली के अग्रसेन तिराहे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 5100 दीपको के साथ भव्य दीपोत्सव एवं रंगीन आतिशबाजी के साथ हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा। टीम के संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की हिंदू नव वर्ष के अवसर पर रामधुनी, हनुमान चालीसा पाठ,भजन संध्या कार्यक्रम, 5100 दीपकों के साथ भव्य दीपोत्सव एवं भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम किया जाएगा। इसी के साथ फागोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्याम प्रभु के दरबार में फूलों की होली खेली जाएगी।कार्यक्रम में बाबा श्याम प्रभु का भव्य दरबार भी सजाया जाएगा। प्रसिद्ध गायक कलाकार प्रतोष शर्मा फकीरा बदायूं उत्तर प्रदेश से, जीतू माली गुड़गांव से,रवि अग्रवाल कोटपूतली स,अतुल शर्मा, कृष्ण शर्मा महेंद्रगढ़ से एवं योगेश भारद्वाज बहरोड से उपस्थित रहेंगे।टीम के कोषाध्यक्ष हेमंत मोरीजावाला ने बताया कि कार्यक्रम सायं 6ः15 बजे से मध्य रात्रि 12ः00 बजे तक रहेगा। टीम के समस्त सदस्यों ने कोटपूतली शहर के समस्त शहर वासियों से अपील भी की है कि आप सभी कार्यक्रम में अवश्य पधारें। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मीटिंग में टीम के संरक्षक श्री महेश जी मीणा, विशाल सोनी, राहुल मंगल,रवि अग्रवाल, रवि बालास्या, गिरवर शर्मा, प्रशांत अग्रवाल, नीरज तातारपुरिया, राहुल मोरीजावाला, बबलू मीणा, राजेश यादव, विनोद शर्मा, केशव बंसल, नितेश शर्मा,पराग गुप्ता,दयाराम प्रजापति, प्रमोद सैनी गुरुजी, मुनेश सैनी, राहुल बंसल, दिनेश यादव, अभिषेक मोरीजावाला, अमित सैनी, आशीष मित्तल, दीपक गोयल,अमित शर्मा, कजोड़मल सैन,सुमित बिदाणी, राहुल सैनी, विकास जांगिड़ एवं टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 5121 कुण्डिय रूद्र महायज्ञ 4 मई से सफल आयोजन को लेकर गंगाजी गोला पर बैठक

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड क्षेत्र के गाँव ऊलूपुरा- कमालपुरा में 4 मई 2025 से 25 मई तक आयोजित होने वाले 5121 कुण्डिय रुद्र महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर उपखंड मुख्यालय के बस स्टैंड के पास गंगाजी गोला मंदिर पर बुधवार 26 मार्च को देर श्याम बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता श्री दिगंबर परमहंस शोभानंद भारती महाराज ने की महात्माओं ने बैठक में शिरकत की बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भुसावर क्षेत्र में सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने का यह प्रयास है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। शोभानंद भारती महाराज ने समस्त भुसावर वासियों को यज्ञ में आमंत्रित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर उपस्थित सर्व समाज के नागरिक एवं विभिन्न समाज से भी संस्थाओं से जुड़े हुए नागरिकों ने महायज्ञ के सफल आयोजन का महाराज श्री को आश्वासन दिया।

# नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और महापौर-आयुक्त की साझेदारी के विरोध में शव यात्रा और पुतला दहन किया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार और महापौर–आयुक्त की साझेदारी के विरोध में 27 मार्च 2025 को सूचना केंद्र चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ने किया, जबकि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल भी शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान महापौर और आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला तैयार किया गया, जिस पर लिखा था— 'हमारी साझेदारी सब पर भारी'। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इस साझेदारी को भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए नारेबाजी की और विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन चुका है।



नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ने नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम तो बनाई, लेकिन उसके लायक आईएएस अधिकारी की नियुक्ति नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि एक निम्न स्तर के अधिकारी को उच्च पद पर क्यों बैठाया गया? क्या यह किसी साझेदारी का परिणाम है? उन्होंने कहा कि अमृत 2 योजना के तहत शहर में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत अब तक नहीं हुई है, क्योंकि संविदाकार अप्रत्यक्ष रूप से महापौर और आयुक्त स्वयं हैं। उन्होंने आगे कहा कि सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, शहर के पार्कों की हालत खस्ता हो चुकी है और नालों की सफाई समय पर नहीं हो रही है। उन्होंने नगर निगम में फैले कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की और कहा कि आम जनता इस स्थिति से घबरा चुकी है। मनोज पालीवाल ने नगर निगम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि महापौर और आयुक्त ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में वन-वे ट्रैफिक की समस्या पिछले 20 वर्षों से बनी हुई है, लेकिन नगर निगम इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

शहर में अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पालीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि मार्च 2025 में 11 वार्डों के सफाई टेंडर समाप्त हो रहे हैं, लेकिन नगर निगम ने इन टेंडरों को समय रहते जारी नहीं किया। इसके बजाय, महज 15 दिनों के लिए सफाई कार्य का टेंडर अपने करीबी व्यक्ति को दे दिया गया। उन्होंने दावा किया कि निगम का इरादा एक बड़ा टेंडर जारी कर 10-15 करोड़ रुपये की ठेकेदारी किसी बड़ी कंपनी को देने का है, जिससे स्थानीय सफाईकर्मियों का हक मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में करीब 15 से 20 हजार वाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं, जो सफाई कार्यों में योगदान देते हैं। लेकिन नगर निगम ने स्थानीय सफाई कर्मचारियों को दरकिनार कर एक बड़ी कंपनी को ठेका देने का प्रयास किया है, जो उनके साथ अन्याय है। अगर छोटे टेंडर जारी किए जाते, तो स्थानीय लोग भी इसमें भाग ले सकते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकते थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम में आईएएस अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने ऐलान किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक आम जनता को न्याय नहीं मिल जाता।

इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश सेन, पूर्व पार्षद सुरेश बम, ओंकार माली, रामलाल गाडरी, पार्षद श्याम मल्होत्रा, शिव प्रकाश गावरी, वसीम शेख, साबिर शेख, नंदलाल जाट, पंचायत समिति सदस्य भंवर गुर्जर, नानूराम बलाई, सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी, भंवर जाट, महावीर व्यास, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण, शबीना, दिनेश बासिता, चेतन शर्मा, सुनील दत्त शर्मा, संदीप ट्रेलर, हेमंत शर्मा, नंददास वैष्णव, गोवर्धन गोरन, गणेश गहलोत, शहाबुद्दीन शेख, लादूराम खोखर, विनोद शर्मा, कमल कुछबांदा और विवेक जोशी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने महापौर और आयुक्त की शव यात्रा निकाली और अंत में उनके पुतले का दहन कर विरोध जताया।

## भवानीनाट्य शाला परिसर में मनाया विश्व रंगमंच दिवस

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** पर्यटन विकास समिति द्वारा गुरूवार को स्थानीय भवानीनाट्यशाला के परिसर में विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। समिति संयोजक ओम पाठक ने कहा कि इस नाट्यशाला का शीघ्र ही कायाकल्प होना चाहिये और इसे राष्ट्रीय नाटक अकादमी से जोड़ना चाहिये ताकि इस धरोहर का वैभव दुनियाभर में पहचाना जा सके। उन्होंने कहा कि इस धरोहर का जिम्मा अब झालावाड़ पुरातत्व विभाग को देना चाहिये ताकि यह भवन देखने के लिये सबको सुलभ हो सके और नई पीढ़ी इसके बारे में जान सके। मुख्य वक्ता इतिहासकार ललित शर्मा ने कहा कि यह धरोहर विश्व रंगमंच की भारत में ऐसी विस्मयकारी धरोहर है जहां विश्व स्तरीय नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम् और शेक्सपीयर कृत 'हेमलेट' का मंचन हुआ। इस नाट्यशाला में उस समय का विश्व प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार इंग्लेण्ड निवासी 'चार्ल्स डोरेन' भी था जिसने लम्बे समय तक इस नाट्यशाला में नाटक खेले और अनेक रंगकर्मी तैयार किये। स्थानीय संग्रहालय के लिपिक अजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में इस नाट्यशाला में फर्श, दीवार, चित्रकारी, खिड़की तथा छत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा अन्दर लाईट का पूरा काम होना शेष है और फिर यह धरोहर सबके अवलोकन हेतु सुलभ हो सकेगी। गोष्ठी में प्रथम लेखा सहायक सालगराम दांगी, नफीस शेख, श्यामसिंह चौहान, साहिल सेन, सुभाष सेन, भारत सिंह राठौड़, डॉ. नन्दसिंह राठौड़, जितेन्द्र गौड़, सूरजकरण नागर ने भी नाट्यशाला को शीघ्र खोलने पर अपने विचार प्रकट किये। धन्यवाद समिति कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल कश्यप ने ज्ञापित किया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता ने सांसद को पत्र प्रेषित कर प्रस्तावित एक्सप्रेस ट्रेन का कपासन में ठहराव कराने की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी से चित्तौड़-बान्द्रा के मध्य संचालित होने वाली एक्सप्रेस यात्री गाड़ी का कपासन रेल्वे स्टेशन पर ठहराव कराने की वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारा मांग की गयी है। ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को पत्र प्रेषित कर चित्तौड़-बान्द्रा वाया उदयपुर अहमदाबाद के मध्य प्रतिदिन चलने वाली प्रस्तावित एक्सप्रेस यात्री ट्रेन का कपासन रेल्वे स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग की गयी है। वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर टेलर ने सांसद सीपी जोशी को प्रेषित पत्र में बताया कि कपासन क्षेत्र के सैकड़ों व्यवसायी गुजरात एवं महाराष्ट्र में व्यापार एवं नौकरी करते है।कपासन से 200 गांवों का सीधा जुड़ाव है।उक्त समीपवर्ती ग्रामीण अंचल के लोगो का अपने व्यापार एवं नौकरी के लिये महाराष्ट्र एवं गुजरात आवागमन बना रहता है।

उल्लेखनीय है कि उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का कपासन रेल्वे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को सीधी एवं कम समय की यात्री सुविधा मिल सकेगी।साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता टेलर ने पत्र में बताया कि कपासन रेल्वे स्टेशन मालवा एवं मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ सांवरियाजी एवं शनिमहाराज सहित मेवाड़ के प्रयाग कहे जाने वाले प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मातृकुण्डिया के सबसे निकट का रेल्वे स्टेशन है तथा समस्त तीर्थ स्थानों पर सैकड़ों यात्री एवं दर्शनार्थी प्रतिदिन आते है।ऐसे में कपासन रेल्वे स्टेशन पर उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराए जाने की महत्ति आवश्यकता है।

# मुख्यमंत्री का भीलवाड़ा दौरा, तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 28 मार्च को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का अंतिम जायजा लेने के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने गुरुवार को चित्रकूट धाम में कार्यक्रम स्थल और एमएलवी कॉलेज में बनाए जा रहे अस्थायी हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, सुरक्षा, लाभार्थियों और आमजन के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, यातायात, मीडिया कवरेज, पेयजल, बिजली, शौचालय और आपातकालीन सेवाओं सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की।



इसके बाद कलेक्टर ने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में बनाए जा रहे हेलीपैड का भी जायजा लिया और अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। राज्य स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे तथा विभिन्न योजनाओं के शुभारंभ और लाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश मेहरा, एडिशनल एसपी पारस, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न योग क्रियाओं के अभ्यास एवं नियमित योग के संकल्प के साथ योग शिविर समापन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी भीमाराम के नेतृत्व में रामपुरिया नारेली तहसील करेड़ा में 21 मार्च से संचालित हो रहे, सात दिवसीय योग शिविर का आज जलनेति, रबर नेति, नौली आदि योग क्रियाओं के अभ्यास एवं नियमित योग करने के संकल्प के साथ समापन हुआ। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि पूर्व सूबेदार एवं सरपंच अर्जुन महाराज, मोहन महाराज के सानिध्य में जिला प्रभारी भीमाराम ने जल नेती, रबड़ नेति, पावर योगा, इंटीग्रेटेड योगा, योगी जतिन साल्वी ने अग्निसार, नौली क्रिया, हर्षिता ने योगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, मंजू जोधावत ने माता बहनों के लिए विशेष योग व्यायाम तथा कमलेश साल्वी ने कठिन आसनों का अभ्यास करवाया।

इस अवसर पर बरदी चंद चनिया, गिरधारी लाल सेठ फूलचंद, भंवरलाल, लाल किशोर ,मुकेश, राकेश के साथ सभी उपस्थित लोगों ने 28 मार्च से योग शिक्षक धनराज चनिया ,गोपाल नागोड़ा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरिया में चलाई जाने वाली योग कक्षा में भाग लेने का संकल्प लिया।

# दिव्यांग दंपति परिवार को धमकाने वाली फाइनेंस कंपनियों पर कसेगा शिकंजा, जिला प्रशासन ने पुलिस को दिये कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** तहसील के लोइचा गाँव निवासी दिव्यांग दंपति परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाली फाइनेंस कंपनियों पर अब कानून का शिकंजा कसेगा। निजी फाइनेंस कम्पनियों के अत्याचार से दिव्यांग परिवार की सुरक्षा करने के मामले में बूंदी जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ने पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। जिला कलेक्टर कार्यालय से कार्यवाही की सूचना के बाद दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने गुरुवार को राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा के साथ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मदद मांगी।उल्लेखनीय है कि बूंदी के लोईचा ग्राम निवासी दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने 25 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट में एडीएम सुदर्शन सिंह तोमर को पीड़ा बताते हुये ज्ञापन देकर फाइनेंस कंपनियों की धमकियों से परिवार को बचाने की गुहार लगायी थी।





**पेंशन से चलता है परिवार का गुजारा :** दिव्यांग पप्पूलाल बैरवा ने बताया कि वह और उसकी मानसिक विमंदित धर्मपत्नी सीमा दोनो दिव्यांग है। राज्य सरकार की ओर से दोनो को मिलने वाली 1150 रुपये प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन से उनके परिवार का खर्च चल रहा है। लगभग 4 वर्ष पहले ने फाइनेंस कंपनियों के एजेंटो ने इन्हें पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर लोन में 50 प्रतिशत छूट और ब्याज माफ होने की बात कह कर लोन दिलवाया था। साढ़े तीन साल तक दिव्यांग दोनों फाइनेंस कंपनियों को लगातार किश्ते चुकाते रहे।लोन चुकाने में उसकी तीन बीघा जमीन भी ढाई लाख रुपये में गिरवी रख गयी। लेकिन बाद में दोनो फाइनेंस कम्पनिया लोन में छूट की बात से मुकर गयी है। पप्पूलाल ने बताया कि अब आये दिन कंपनी के एजेंट घर पर आकर परिवार को यहाँ तक कि छोटे बच्चों को भी जान से मारने की धमकियां देकर घर से बाहर निकाल कर ताला लगाने की बात कह रहे है।

### रिजर्व बैंक के निर्देशों का उल्लंघन-चर्मेश शर्मा

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने फाइनेंस कंपनियों के द्वारा दिव्यांग दंपति परिवार व छोटे बच्चों को धमकाने को मानवाधिकारों का गंभीर हनन बताया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए फाइनेंस कंपनियां अवैधानिक तरीके से दिव्यांग दंपति को धमका रहे हैं।ऐसी फाइनेंस कम्पनियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये दिव्यांग दंपति के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिये। उन्होंने सवाल उठाया कि किस अधिकार से फाइनेंस कंपनियां दिव्यांग दंपति को धमका रही है यह बताया जाना चाहिये।

## विजयवर्गीय मणिहार गौत्र परिवार का महासम्मेलन संपन्न जीर्णोद्धार मंदिर में कलश एवं ध्वजा चढ़ाई





बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( नि.स. )।** अखिल विश्व विजयवर्गीय मणिहार का महासम्मेलन ग्राम भालता, जिला झालावाड़ में संपन्न हुआ । विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अवसर पर भव्य एक दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मणिहार गोत्रीय परिवारजनों, बहनों और बेटियां सपरिवार भाग लिया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया । संयोजक सीए दिनेश विजयवर्गीय मुंबई ने बताया कि इस अवसर पर महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें गायत्री परिवार के परिवाजक जन ने हवन कराया । सभी परिजनों ने आहुति दी । महापूजन कर आरती की गई । यह आयोजन मणिहार गौत्रीय परिवार की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ करने हेतु एक अद्वितीय अवसर था । सभी की सहभागिता ने इस महासम्मेलन को और भी भावपूर्ण और चिरस्मरणीय बना दिया । सभी ने स्वरूपा बाई स्मारक पर पूजा अर्चना कर भोग लगाया । नवनिर्मित मंदिर पर सुरेश विजय बूंदी, श्यामसुंदर राजगढ़, मूलचंद झालावाड़ ने कलश की विधि विधान से पूजा कर स्थापित किया । ध्वजा चढ़ाई गई । भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करते रहने एवं आपसी मेलजोल बनाए रखने के संकल्प के साथ सम्मेलन का समापन हुआ । व्यवस्थाओं में राकेश, लोकेश, सिद्धार्थ, योगेंद्र, आचमन, सोनाली, सुधा, रीता सहित अन्य का सहयोग रहा ।

## राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गहलोत का बिहारीलाल सोलंकी और रामचंद्र बामनिया ने किया आत्मिक स्वागत सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** गुरुवार को बंशीलाल गहलोत ,पूर्व विधायक राजसमंद, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली का निंबाहेड़ा अनुसूचित जाति जनजाति स्टेशन रोड कार्यालय पर बिहारी लाल सोलंकी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र बामनिया प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान द्वारा ऊपरना पहनाकर आत्मिक स्वागत सम्मान किया। उनके साथ आए हुए लादू लाल आयश बुनकर चंदेरिया ,रामलाल खारोल भोमा खेड़ा, कमल शर्मा कांकरोली का भी ऊपरना पहना कर स्वागत सम्मान किया। गहलोत कांकरोली से मध्य प्रदेश के आयोजित कार्यक्रमो में भाग लेने जाते समय अल्प समय के लिए निंबाहेड़ा अनुसूचित जनजातिके रेलवे स्टेशन रोडस्थित कार्यालय पर रुकै विचार विमर्श किया एवं अल्प आहार लेकर मध्य प्रदेश के लिए आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।

# वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवा,( टी आर सैनी )।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंजारों की ढाणी,भैंसों का नया गांव,भट्टो का नया गांव और देवपुरा विधालय में संयुक्त रूप से बंजारों की ढाणी विधालय में वार्षिकोत्सव,भामाशाह सम्मान और 5 वी के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।पांचवीं के विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा एवं बालकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।इनके अलावा होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच बाछोला कमला बाई रही।अध्यक्षता पीईईओ संजयकुमार मीणा ने की।विशिष्ट अतिथि शिक्षक संघ राष्ट्रीय नैनवा अध्यक्ष पंकज जैन,मंत्री देवराज गुर्जर,जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मीणा,शिक्षक संघ अम्बेडकर नैनवा महामंत्री हरजीलाल बैरवा,मोहन बैरवा,भरतलाल फौजी,वार्ड पंच राजेश मीणा रहे।

चारो विधालय के प्रधानाध्यापक रूपनारायण मीणा,नाथूलाल बैरवा,राजाराम चौधरी और मोहन प्रजापत द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन नाथूलाल बैरवा द्वारा किया गया।इस दौरान विधालय के मुकेश गुर्जर,भेरूलाल चौधरी,मोनू प्रजापत,इसहाक मोहम्मद,सहित पीईईओ बाछोला के अधीनस्थ प्रधानाध्यापक और अध्यापक ओमप्रकाश नागर,मनीष जैन,सावरमल जाट,रामफूल नागर,अनोख शर्मा,शिवानी अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।



## मांडलगढ़ पुलिस ने 12,200 लीटर मिलावटी तेल किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**मांडलगढ़ /भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पुलिस थाना मांडलगढ़ ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 12,200 लीटर मिलावटी तेल जब्त किया। इसके साथ ही एक इलेक्ट्रिक मोटर भी बरामद की गई। 26 मार्च 2025 को आईपीएस प्रो. जतिन जैन, थानाधिकारी मांडलगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान ग्राम किशनजी का खेड़ा, ग्राम पंचायत दौलपुरा में विजेंद्र पाल सिंह पुत्र नंद सिंह शक्तावत के बाड़े में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ से भरे ड्रम पाए गए। मौके पर जिला रसद अधिकारी भीलवाड़ा की टीम को सूचित किया गया। पुलिस व रसद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 200-200 लीटर के 61 ड्रमों में भरा कुल 12,200 लीटर मिलावटी तेल जब्त किया गया। इसके अलावा एक इलेक्ट्रिक मोटर भी बरामद की गई। मामले में आगे की जांच जारी है।

प्रभारी मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

# सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जनता के हित में कार्य करना : प्रभारी मंत्री गौतम दक

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सरकार की बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन, लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार के विकास कार्यो की समीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक गुरूवार को सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारीगण बजट घोषणाओं को प्राथमिकता पर लेते हुए उन्हें पूर्ण करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की तय समयावधि में धरातल पर उतरने से ही आमजन को लाभ मिल सकता है। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की क्रियान्विति व वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि उनके विभागों की बजट घोषणाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने के लिए काम में तेजी लाए और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। सवाई माधोपुर में 400 केवी जीएसएस, गंगापुर सिटी चूली में 33/11 केवी जीएसएस, गंगापुरसिटी में रोड़वेज बस स्टेण्ड, खेल स्टेडियम, महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास, कृषि महाविद्यालय, खण्डार में रामेश्वर घाट त्रिवेणी संगम का विकास, हेरिटेज ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए खण्डार किले का विकास, हम्मीर सर्किल से गणेशधाम सर्किल तक सड़क का उन्नयन, रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेण गणेश मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न सुविधाओं, ग्रामीण ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भूरी पहाड़ी के विकास आदि बजट घोषणाओं के संबंध में भूमि चिन्हिकरण, भूमि आवंटन की आवश्यकता, प्रशासनिक एवं विश्रीय स्वीकृति, कार्यादेश व कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर घोषणाओं की समीक्षा करते हुए धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अकृषि ऋणों की वसूली के लिए अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जाए तथा अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए ऋणी सदस्यों को नोटिस देने के साथ ही समझाइश की जाए। उन्होंने अप्रैल से शुरू होने जा रही चना-सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद को लेकर राजफैड अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी सचिव दिलीप मीणा को किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े तथा उन्हें घर के निकट ही अपनी उपज बेचान की सुविधा मिल सके इसके लिए बारदाने की समुचित व्यवस्था रखने, भण्डारण सुविधा का ध्यान रखने एवं बायोमीट्रिक व्यवस्था शीघ्र शुरू करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उपवन संरक्षक रामानंद भाकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, सहित जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, नगर परिषद सभापति गंगापुर सिटी शिवरतन अग्रवाल, संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चिकित्सा संस्थानों का सम्मान समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** डॉ. महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह होटल ग्रैंड गीता, ब्यावर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजियावास को प्रथम स्थान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, किशनपुरा को द्वितीय स्थान और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लूलवा, बदनोर, रायपुर, जवाजा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बाबरा को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सर्वाधिक और उत्कृष्ट एएनसी (एंटी-नेटल केयर) सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

**चिकित्सा कर्मियों की सराहना :** जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और चिकित्सा संस्थानों को टीकाकरण के लक्ष्यानुसार शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने चिकित्सा कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय हैं और सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रयासरत रहें।

### पीएमएसएमए की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्यावर डॉ. संजय गहलोत ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह अभियान गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है। इसके तहत लाभार्थियों को हर महीने की 9, 18 और 27 तारीख को सभी प्रकार की जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें लाल स्टीकर और सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं को हरा स्टीकर ममता कार्ड पर लगाया जाता है।

### विशिष्ट अधिकारी रहे उपस्थित

समारोह में अति. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमावत, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हरीश आडवाणी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वाजिद अख्तर और कनिष्ठ सहायक कैलाश चंद सहित जिले के अन्य अधिकारी एवं चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे। यह समारोह चिकित्सा कर्मियों को प्रोत्साहित करने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव : अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों में वितरित किए पट्टा मय कार्ड

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत गुरूवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में प्रसारण किया गया। मुख्य आतिथ्य राज्यमंत्री, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि धर्म और संस्कृति से जुड़ी हमारी परंपराओं को कायम रखने की दिशा में सरकार ने फैसला लिया है कि राज्य में अब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य आतिथ्य राज्यमंत्री, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग गौतम कुमार दक, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने विशेष योग्यजन महेन्द्र सिंह मीना, प्रिया बैरवा, सागर खंगार, लटूर गुर्जर एवं मानक चन्द मीना को व्हीलचेयर वितरित की। वहीं विशेष योग्यजन गौरा देवी, शहजाद खान, धुलीराम योगी, जगदीश बैरवा को ट्राईसाइकिल तथा सूरजमल मीना, दिलबर देवी, सुमित, दीपक जांगिड़, दीपीका प्रजापत, हुकम चंद अग्रवाल को श्रवण यंत्र एवं खेलन्ती देवी व मोहम्मद सलीम को बैशाखी वितरित की।

इसी प्रकार स्वामित्व योजना के अन्तर्गत दिलखुश, प्रभुलाल, कांजीलाल, सीताराम, रामदयाल, ललीता देवी, रामेश्वरी देवी सहित करीब 25 लाभार्थियों को पट्टा एवं पार्सल वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेलेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की हुई मौत, मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध करवाया हत्या का मामला दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थानान्तर्गत के गांव थली की ढाणी सीदड़ा में एक विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर थाना अधिकारी रामजीलाल बैरवा पुलिस जाप्ते के साथ ढाणी में पहुंचे और विवाहिता के शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से मृतका के शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि मृतका की पहचान प्रियंका 23 वर्ष पत्नी पप्पूलाल मीणा के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि मृतका के पिता गिर्राज मीणा निवासी रामनगर खेड़ी तहसील रामगढ़,जिला दौसा ने मामला दर्ज करवाया कि वर्ष 2022 में उसकी पुत्री का विवाह गांव थली की ढाणी सीदड़ा निवासी पप्पू लाल मीणा के साथ हुआ था। गुरुवार को उसकी पुत्री का फोन आया कि ससुराल वाले उससे मारपीट कर रहे हैं। इस पर बेटी के ससुराल पहुंचा तो वह मृत अवस्था में पाई गई। मृतका के गले पर निशान बने हुए थे। ससुराल पक्ष के लोगों ने मृतका के पिता के साथ भी धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव पीहर पक्ष को सौंप दिया गया। थाना अधिकारी बैरवा ने बताया कि मृतका के पिता गिर्राज ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध मारपीट दहेज प्रताड़ना व हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। मामले की जांच डिवाइएसपी मृत्युंजय मिश्रा को सौंप दी गई है।



## 1 अप्रेल से डग में हजरत बाबा गेबशाह साहब के उर्स का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला/झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** जिले के डग-कस्बे में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा गेब शाह रहमतुल्लाह अलेह दरगाह परिसर में 54वे उर्स के दौरान मेहंदीपुरा इमामबाड़ा से चादर शरीफ को लेकर कस्बे के प्रमुख बाजारों से होते हुए दरगाह परिसर पहुंचेगी, जहां रस्मों रिवाज के साथ बाबा साहब को चादर चढ़ाई जाएगी । चादर चढ़ाने के बाद हजरत गेबशाह बाबा के उर्स का आगाज होगा। उर्स कमेटी सदर आशिक अली ने बताया कि हजरत बाबा गेबशाह के आस्ताने मुबारक पर तीन दिवसीय उर्स सूफी बिस्मिल अब्दुल वहीद बाबा की सरपरस्ती में होगा। तीन दिवसीय उर्स के दौरान देश के नामी कव्वाल सरफराज अनवर साबरी जलालाबाद, रईस मिया साबरी दिल्ली और 3 अप्रेल को चाँद कादरी अफजाल चिश्ती दिल्ली अपने अपने कलाम पेश करेंगे।आपको बता दे की यह उर्स सांप्रदायिक कोमी एकता का प्रतिक है जिसमे राजस्थान व मध्यप्रदेश के हजारों जायरिन हिस्सा लेंगे और 4 अप्रेल सुबह फज्र की नमाज के बाद कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन होगा उक्त जानकरी पूर्व सदर मुस्तकीम खान ने दी।

## चार दिवसीय चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत हुई



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर की पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आने वाली 30 मार्च को चेंटीचण्ड त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार प्रातः से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। एवं चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत की गई ।जानकारी देते हुए पूज्य पंचायत के अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने बताया कि इस वर्ष चार दिवसीय महोत्सव में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है ।जिसमें लगातार चार दिन तक सुबह 5:15 बजे से नगर कीर्तन (प्रभात फेरी ) निकाली जाएगी साथ ही बच्चों के खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही महिलाओं द्वारा आराध्य भगवान झूलेलाल के गीत संगीत प्रोग्राम एवं जयपुर से पधारे हुए कलाकारों द्वारा आराध्य भगवान झूलेलाल की जीवनीका एवं संगीतमय वर्णन वाहन रैली, शोभा यात्रा लंगर प्रसादी सहित अनेको धार्मिक कार्यक्रम चार दिवस में आयोजित किए जाएंगे। शहर के सभी पूज्य पंचायत के सदस्य सहित बच्चे ओर महिलाए इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान


**अजमेर, ( घनश्याम दास )।** जिला कलक्टर श्री लोकबन्धु की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इसमें जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई ।जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अतिसंवेदनशील है। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना में किसी अधिकारी, कर्मचारी या रोड निर्माण एजेंसी की लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त सक्षम धाराओं में कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली प्रत्येक मृत्यु का गहराई से विश्लेषण किया जाए। दुर्घटना का कारण लापरवाही अथवा गलत रोड इंजीनियरिंग हो सकती है। गलत रोड़ इन्जिनियरिंग के कारण दुर्घटना होने पर संबंधित रोड निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिले में चिन्हित ब्लैकस्पोट्स (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) पर प्रभावी सुधारात्मक उपाय (रेमेडियल मेजर्स) लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में उठाए गए सुधारात्मक कदमों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए भी कहा। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द आवश्यक सुधार कार्य करें। इन क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों के चालकों के लिए विशेष नेत्रा जांच शिविर आयोजित करने निर्देशित किया। लंबी दूरी के ट्रक एवं बस ड्राइवरों की आंखों की रोशनी कमजोर होती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि नियमित अंतराल पर ऐसे शिविर लगाए जाए। किसी चालक की दृष्टि कमजोर पाए जाने पर चश्मा एवं चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, शराब पीकर गाड़ी चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) और हेलमेट नहीं पहनने जैसी लापरवाहियों पर कड़ा जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाए जाए। जरूरत पड़ने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता श्री गिर्रिराज प्रसाद गुप्ता, परिवहन विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री प्राज्ञ महाविद्यालय, बिजयनगर ने नेक से हासिल किया 'ए' ग्रेड, भीलवाड़ा-ब्यावर ज़िले का बना पहला कॉलेज

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/बिजयनगर,( घनश्याम दास )।** राजस्थान, श्री प्राज्ञ महाविद्यालय, बिजयनगर ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) से ए ग्रेड प्राप्त किया है। यह भीलवाड़ा-ब्यावर ज़िले का पहला महाविद्यालय है जिसे नेक द्वारा यह प्रतिष्ठित ग्रेड प्रदान किया गया है। महाविद्यालय ने जनवरी 2025 में यह उपलब्धि हासिल की, जब 9 और 10 जनवरी को नेक की पीयर टीम ने महाविद्यालय का गहन शैक्षणिक और प्रशासनिक मूल्यांकन किया। इस टीम में प्रो. अविनाश अवलगांवकर (कुलसचिव) अध्यक्ष, प्रोफेसर सोमेश धमीजा (प्रोफेसर) सदस्य समन्वयक और प्रो. शिव प्रकाश हिरेमठ (प्राचार्य) सदस्य के रूप में शामिल थे। टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न पहलुओं जैसे कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल परिसर, प्रशासनिक खंड और पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, टीम ने शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और पूर्व छात्रों के साथ भी बातचीत की। नेक मूल्यांकन के सात प्रमुख मानदंडों पर खरा उतरने के बाद ही महाविद्यालय को %% ग्रेड प्राप्त हुआ। ये मानदंड इस प्रकार हैं- पाठ्यक्रम पहलू, शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन, शोध, नवाचार और विस्तार गतिविधियाँ, संरचना और अधिगम संसाधन, छात्र सहयोग और प्रगति, शासन, नेतृत्व और प्रबंधन, और संस्थागत मूल्य और सर्वोत्तम अभ्यास। इस ऐतिहासिक सफलता पर महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। संस्था के प्रबंधन ने इस उपलब्धि को सभी की सामूहिक प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया है। श्री प्राज्ञ जैन स्मारक समिति के अध्यक्ष श्री नवलकिशोर बाफणा, सचिव प्रेमराज बोहरा, कोषाध्यक्ष अजित लोढ़ा एवं श्री प्राज्ञ महाविद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमठ, कार्याध्यक्ष संजीव भटेवड़ा सचिव अनुराग चौरड़िया एवं कोषाध्यक्ष अंकुश नाहर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।




## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,( घनश्याम दास )।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी द्वारा गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्र बांदरसिंदरी का औचक निरिक्षण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री महेश शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा की गतिविधियो का अवलोकन किया गया। पूरक पोषाहार के अन्तर्गत बच्चों को नाश्ते में प्रदान की जाने वाली गर्म खिचड़ी को भी चख कर देखा गया। इसके साथ ही बच्चों को स्वय के हाथ से गर्म खिचड़ी दी गई। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री के द्वारा केन्द्र के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## कुरआन के पाठ हुए मुकम्मल, शहर के सभी मस्जिदों में खत्मे कुरआन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां रमजान मुबारक शबे क़दर के मौके पर मस्जिदों को सजाया गया। सभी मस्जिदों में माहे रमज़ान के 26 वे रोजे़ एवं 27 वीं शब के मौके पर पर कुरआन की तिलावत मुकम्मल होती हैं। इस मुबारक अवसर पर समाज के प्रवक्ता हारून अंसारी मोहम्मद इदरिस ने यह जानकारी में बताया कि। अल



अंसार मस्जिद के इमाम मुफ्ती फारूक लोहार नदवी ने बताया कि हमें नेक कार्य करते रहना चाहिए, दिन दुखियों की मदद हमेशा करते रहना चाहिए। और पड़ोसियों का हक भी अदा करना चाहिए चाहे वो किसी भी धर्म को मानने वाला हो।

ईशा की नमाज़ के बाद दुआएं खैर की गई। तो वहीं वतन की खुशहाली, अमन चैन, आर्थिक तरक्की के लिए अल्लाह से प्राथना की गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मिठाइयां बांटी और खाने अल्पाहार के स्टॉल भी लगाए।

# राम चरण @40

## आरआरआर से दुनियाभर में छाए

### 35 साल पुरानी दुश्मनी, फिर भी जूनियर एनटीआर के साथ किया काम





**राम चरण...** ये वो नाम है, जो साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स की लिस्ट में शुमार है। एक्टिंग का हुनर तो उन्हें अपने परिवार से विरासत में मिला, लेकिन फिल्मी दुनिया में अपनी अलग पहचान उन्होंने खुद के दम पर बनाई। राम चरण चाहते तो पिता के दम पर पहली फिल्म हासिल कर सकते थे, लेकिन उन्होंने बाकायदा एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया और पढ़ाई की। इसके बाद फिल्मों में कदम रखा। यही कारण है कि बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक लोग उनकी एक्टिंग और डांसिंग की तारीफ करते हैं।

फिल्मी दुनिया के अलावा उन्होंने एक अलग बिजनेस साम्राज्य भी खड़ा किया है। राम आज करोड़ों के लग्जरी घर से लेकर एयरलाइन कंपनी और पोलो राइडिंग क्लब तक के मालिक हैं। आरआरआर के ऑस्कर में जलवा दिखाने के बाद से तो पूरी दुनिया में राम चरण के नाम का डंका बज रहा है।

### राम चरण के नाना फ्रीडम फाइटर थे

राम चरण के नाना अल्लू रामलिंगैया एक होम्योपैथिक डॉक्टर थे, जो देश की आजादी के आंदोलन से जुड़े थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वे गिरफ्तार भी हुए थे। राम के नाना फ्रीडम फाइटर होने के साथ-साथ एक कॉमेडियन भी थे, जिन्होंने लगभग एक हजार फिल्मों में काम किया।

राम चरण के नाना अल्लू रामलिंगैया, अल्लू अर्जुन के दादा भी थे। अल्लू अर्जुन, अल्लू अरविंद के बेटे हैं। जबकि अल्लू अर्जुन की बुआ राम चरण की मां लगती हैं। इस लिहाज से अल्लू अर्जुन और राम चरण कजन हैं। अल्लू अरविंद की दो बहनें हैं, जिनके नाम वसंत लक्ष्मी और सुरेखा है। अल्लू अरविंद के तीन बेटे है- अल्लू वेंकटेश, अल्लू अर्जुन और अल्लू शिरीष।

## राम चरण के 40वें जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनकी जिंदगी के बारे में..

### चिरंजीवी के बेटे हैं, सुपरस्टार-मेगास्टार से भरा पड़ा है परिवार

राम चरण भले ही साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी के बेटे हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि उनका पूरा खानदान फिल्मी सितारों से भरा पड़ा है। अल्लू अर्जुन भी उनके भाई लगते हैं। राम चरण के दादा कोनिडेला शिवशंकर वरप्रसाद राव थे। उनके तीन बेटे चिरंजीवी, नागेंद्र बाबू और पवन कल्याण हैं । तीनों बेटे तेलुगु सिनेमा के बड़े सितारे हैं। चिरंजीवी, राम चरण के पिता हैं, जबकि नागेंद्र बाबू और पवन कल्याण उनके चाचा। राम चरण की दो बुआ हैं, जिनका नाम है विजया दुर्गा और माधवी राव। चिरंजीवी की विरासत राम चरण ने संभाल रखी है। वहीं, नागेंद्र बाबू का बेटा वरुण तेज और एक बेटी निहारिका है। वे दोनों ही तेलुगु सिनेमा के जाने-माने स्टार हैं। पवन कल्याण की कुल तीन शादियां हुई हैं और उनके चार बच्चे हैं। वहीं, राम चरण की दो सगी बहनें हैं, जिसका नाम सुष्मिता कोनिडेला और श्रीजा कोनिडेला है। जो मीडिया से दूर रहती हैं।

### 35 सालों से है एनटीआर और राम चरण की फैमिली में दुश्मनी

भले ही राम चरण और जूनियर एनटीआर ने फिल्म आरआरआर में साथ काम किया था, लेकिन उनके परिवारों के बीच पिछले 30-35 सालों से दुश्मनी रही है। इस बात का खुलासा खुद जूनियर एनटीआर ने अनुपमा चोपड़ा से बातचीत में किया था। जूनियर एनटीआर ने बताया, मैं और राम चरण दोनों ही अलग-अलग बैकग्राउंड से आते हैं। मैं नहीं जानता कि यह मुझे कहना चाहिए या नहीं, लेकिन हम दोनों के परिवारों में करीब 30-35 साल पुरानी दुश्मनी है, लेकिन इसके बाद भी हम दोनों ने साथ में यह फिल्म की है। आरआरआर के बाद पूरा सिनैरियो बदल गया है। अब मैं और राम चरण बहुत अच्छे दोस्त हैं।

### करियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई आरआरआर

2022 में रिलीज हुई फिल्म आरआरआर राम चरण के लिए अब तक की सबसे सफल फिल्म साबित हुई। इसने उन्हें ग्लोबल स्टार बना दिया। फिल्म का बजट 550 करोड़ रुपए था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा की शानदार कमाई की। हालांकि, इस फिल्म को बनाने में 4 साल का समय लग गया था। इस फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर भी नजर आए थे। फिल्म के गाने नाटू-नाटू को ऑस्कर में बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। इस गाने को शूट करने के लिए राम चरण को 12 दिन लगे थे और लगातार 7 दिन तक इसकी प्रैक्टिस करने से उनके घुटनों में दर्द होने लगा था।

### आरआरआर की यूनिट को बांटे थे सोने के सिक्के

आरआरआर ने जब 10 दिन में 900 करोड़ रु. का कलेक्शन किया था तब इससे खुश होकर राम चरण ने आरआरआर की टीम को गोल्ड कॉइन गिफ्ट किए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक सिक्का लगभग 10 ग्राम का था और कुल सिक्कों की कीमत ?18 लाख से ज्यादा थी। सोने के सिक्के की एक तरफ आरआरआर और दूसरी तरफ राम चरण का नाम लिखा था। राम चरण ने यह सिक्के फिल्म के हर यूनिट मेंबर को दिए। इसमें करीब 35 टेक्नीशियंस के साथ-साथ कई डिपार्टमेंट्स के हेड भी शामिल थे।






### आरआरआर की सफलता के बाद बढ़ाई फीस

इसी साल 10 जनवरी को राम चरण की फिल्म गेमचेंजर रिलीज हुई थी। साउथ के जाने-माने डायरेक्टर शंकर ने इसका डायरेक्शन किया। इस फिल्म में राम चरण के अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी आई थीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का बजट लगभग 450 करोड़ रुपए था। राम चरण ने फिल्म के लिए 65 करोड़ रुपए की फीस वसूली थी। पहले ये फीस 100 करोड़ बताई जा रही थी, लेकिन फिल्म बार-बार पोस्टपोन हो रही थी तो राम चरण ने फीस में कटौती करने का फैसला किया।

ये उनके करियर की अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। फिल्म आरआरआर के लिए उन्हें 45 करोड़ की फीस दी गई थी। हालांकि, फिल्म गेम चेंजर बुरी तरह पिट गई और मजह 186.25 करोड़ रुपए ही कमा पाई।

## प्रियंका और नेहा के साथ थी अफेयर की चर्चा



ये बात साल 2007 की है। जब सुपरस्टार राम चरण ने अपना डेब्यू किया था। इसी दौरान खबर सामने आई थी कि एक्टर का अफेयर अपनी को-एक्टर नेहा शर्मा से चल रहा है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट्स थीं कि दोनों ने गुपचुप शादी भी की थी। यहां तक कि राम चरण और नेहा शर्मा सीक्रेट हनीमून पर भी गए थे।

फिर राम चरण ने इन खबरों पर बाद में खुद सफाई देते हुए इन्हें अफवाह बताया था। इसके अलावा राम चरण और प्रियंका चोपड़ा के बीच भी अफेयर रहा था। दोनों फिल्म जंजीर के दौरान एक-दूसरे के नजदीक आए थे। कहा ये भी जाता है कि इनके अफेयर की खबरों की वजह से राम चरण की गर्लफ्रेंड उपासना खुश नहीं थीं, लिहाजा जल्द ही ये मामला खत्म हो गया था।

### कारों के हैं शौकीन

राम चरण को कार लवर कहा जाता है। उनके कार कलेक्शन में करोड़ों की कई कारें शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम के पास एक एस्ट्रोन मार्टिन विंटेज एस कार है, जिसकी कीमत लगभग 3 .2 करोड़ रुपए है। इसके अलावा उनके पास 2 .75 करोड़ रुपए की रेंज रोवर वोग, 90 लाख की मर्सिडीज बेंज जीएलई 450 एएमजी कूप। 70 लाख की ऑडी क्यू7 भी है। इसके अलावा एक मर्सिडीज बेंज जीएलएस 350डी भी है, जिसकी कीमत 95 लाख रुपए है। राम चरण की नेटवर्थ तकरीबन 1370 करोड़ रुपए है।


### 2012 में राम चरण ने की थी शादी

रामचरण ने 14 जून, 2012 को अपोलो हॉस्पिटल्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन प्रताप सी. रेड्डी की पोती उपासना कमिनेनी से शादी की। दोनों की मुलाकात स्कूल के दिनों में हुई थी और तभी से दोनों साथ हैं। राम चरण और उपासना की शादी को 11 साल पूरे हो चुके हैं। पर्सनली ही नहीं, बल्कि प्रोफेशनली भी दोनों ने काफी ग्रो किया है। राम चरण और उपासना अलग-अलग फील्ड में हैं, लेकिन अपनी फील्ड में उन्होंने खूब नाम बनाया और दौलत-शोहरत भी कमाई है। शादी के दस साल बाद दोनों 20 जून 2023 को एक बेटी के पेरेंट्स बने हैं।

### राम चरण के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

वैसे तो राम चरण फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में थे। हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे एक के बाद एक चार फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले हैं। इनमें ज्यादातर बॉलीवुड एक्ट्रेस राम चरण के अपोजिट दिखाई देंगी। आरसी 16- जान्हवी कपूर और राम चरण की फिल्म आरसी 16 इन दिनों काफी चर्चा में है। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में पहली बार जान्हवी और राम की जोड़ी नजर आएगी।

**आरसी 17-** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राम चरण साउथ के जाने-माने डायरेक्टर सुकुमार के साथ भी फिल्म करने वाले हैं। इस फिल्म में राम के अपोजिट कौन सी एक्ट्रेस नजर आएगी, इसके बारे में अब तक कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है।



#### द इंडियन हाउस

राम चरण अपकमिंग फिल्म द इंडियन हाउस में भी नजर आ सकते हैं। इसमें एक्टिंग के साथ ही वे इस फिल्म को प्रोड्यूस भी करेंगे।

### एक नजर राम चरण के फिल्मी करियर पर..

#### फिल्मों में आने से पहले सीखी थीं एक्टिंग की बारीकियां

राम चरण साउथ की मेगा फैमिली से ताल्लुक रखते हैं। इतना ही नहीं, एक्टिंग के गुण उन्हें परिवार की विरासत से मिले हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपना फिल्मी करियर शुरू करने से पहले मुंबई के पॉपुलर किशोर नमित कपूर के एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया। ये वही स्कूल है, जहां से करीना कपूर खान, ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा के अलावा कई स्टार्स ने एक्टिंग सीखी है।

पहली फिल्म के लिए बेस्ट मेल डेब्यू का अवॉर्ड, लेकिन दूसरी से मिली पहचान

राम चरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म चिरुथा से डेब्यू किया। इसमें दर्शक उनके लुक्स और एक्टिंग के दीवाने बन गए। हालांकि, 2009 में आई फिल्म मगधीरा से उन्हें एक अलग पहचान मिली। ये उस समय तेलुगु सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म में राम चरण ने डबल रोल निभाए थे। फिल्म के डायरेक्टर एसएस राजामौली थे। इस फिल्म ने साउथ फिल्मफेयर में छह फिल्मफेयर अवॉर्ड्स जीते थे।

57वें नेशनल अवॉर्ड में फिल्म को बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स और बेस्ट कोरियोग्राफी के अवॉर्ड भी मिले थे। इसके अलावा राम चरण को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने ऑरेंज, राचा, नायक, तूफान, येवादू और गोविंदुडु अंडारी वाडेले जैसी फिल्मों में काम किया।

#### बॉलीवुड में की सिर्फ एक फिल्म, फ्लॉप साबित हुआ डेब्यू

टॉलीवुड में अपना स्टारडम जमाने के बाद राम चरण ने साल 2013 में बॉलीवुड में कदम रखा था। वे अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म जंजीर के रीमेक में नजर आए थे। इसमें उनके साथ प्रियंका चोपड़ा और संजय दत्त भी थे, लेकिन दो बड़े स्टार्स के बावजूद यह फिल्म बुरी तरह से पिट गई। आलम यह था कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना बजट भी नहीं वसूल पाई थी।

इसके बाद राम चरण ने फिर करियर में किसी बॉलीवुड फिल्म में काम नहीं किया। इस फिल्म को अपूर्वा लाखिया ने डायरेक्ट किया था। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया गया था।

"सफलता का सबसे बड़ा रहस्य है, हर दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखना और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में स्वीकार करना।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





# चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से : इस बार रील बनाने वालों की नो एंट्री, पैसे देकर वीआईपी दर्शन भी नहीं कर सकेंगे

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है।

केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने भास्कर को बताया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर केदारनाथ धाम में ढोल नगाड़ों का शोर सिर्फ रील बनाने के लिए किया गया था।

यात्रा शुरू होने के बाद 10 से 12 दिन तक पूरी शिवालिक पर्वतमाला में यह शोर गूंजता रहा। यहां की प्रकृति के लिए यह शोर ठीक नहीं है। इसलिए इस बार कैमरा ऑन भी नहीं करने देंगे।

इसी तरह, पैसे देकर VIP दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने कहा है कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है। इस साल 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। इसी दिन सबसे पहले मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

आखिर में 4 मई को विधि-विधान से भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही पूर्ण रूप से चार धाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।



# राजस्थान में 41 डिग्री पार पहुंचा तापमान

## सीमावर्ती जिलों में रहेगी बादलों की आवाजाही, 4 डिग्री तक गिर सकता है पारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम परिवर्तन का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को जहां प्रदेश में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। वहीं, सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार गुरुवार को प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से सीमावर्ती जिलों में जहां एक बार फिर तेज आंधी के साथ बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं इसके बाद 28 मार्च को उत्तरी हवा की वजह से प्रदेशभर में तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है।



### बादलों की आवाजाही से कम होगा तापमान

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विश्व के चलते अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम परिवर्तन का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान जोधपुर और बीकानेर संभाग में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ ही बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। हालांकि इस दौरान बारिश होने की संभावना काफी कम रहेगी। वहीं इसके बाद 27 और 28 मार्च को प्रदेशभर में उत्तरी हवाओं से न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद एक बार फिर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

# वर्जिनिटी टेस्ट महिलाओं के अधिकारों का हनन

## हाईकोर्ट बोला- ये मांग असंवैधानिक, कैरेक्टर पर शक के कारण पति ने लगाई थी याचिका



बिलासपुर (एजेंसी)।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने की मांग को महिलाओं की गरिमा के मौलिक अधिकारों का हनन बताया है। टेस्ट की मांग को असंवैधानिक बताते हुए पति की याचिका खारिज की गई है। दरअसल, पति अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर शक करता था। वहीं पत्नी ने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया। जिसके बाद पति ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग की और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पति खुद पर लगे आरोपों को गलत साबित करना चाहता है, तो वह अपना मेडिकल परीक्षण करा सकता है। लेकिन पत्नी पर ऐसा आरोप थोपना अवैधानिक है।

### पूरा मामला

रायगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की शादी 30 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिनों तक पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक रहा। लेकिन, कुछ महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद पति-पत्नी अलग रहने लगे।

### भरण-पोषण के लिए पत्नी पहुंची फैमिली कोर्ट

इस बीच महिला जुलाई 2024 में रायगढ़ फैमिली कोर्ट पहुंचकर पति से भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लिए याचिका लगाई। पत्नी ने यह आरोप भी लगाया कि उसका पति नपुंसक है, जिसके कारण वह शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम नहीं है। उसे और परिवार वालों को धोखे में रखकर शादी की गई।

वहीं, पति ने आरोप लगाया कि पत्नी का उसके बहनोई से अवैध संबंध है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैमिली कोर्ट ने पति की दलील को खारिज कर दिया। यह मामला अभी लंबित है।

# राजस्थान की 16 हजार खदानें बंद नहीं होंगी

## सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंजूरी की समय सीमा दो माह बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के 16 हजार खदान संचालकों को राहत देते हुए खनन की वैधता अवधि को दो माह के लिए बढ़ा दिया है। पहले यह अवधि 31 मार्च तय थी। लेकिन प्रदेश में 23 हजार खदानों में से करीब 16 हजार खदान संचालकों को अभी तक राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिली हैं।

ऐसे में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील में अंतरिम आवेदन दायर करके अतिरिक्त समय की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने पर्यावरण मंजूरी लेने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय दिया है।

दरअसल, इस मामले में राजस्थान सरकार को तब झटका लगा, जब हत्नञ्ज ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए किए गए अनुरोध को अस्विकार कर दिया था। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। एनजीटी ने 7 नवम्बर 2024 तक पर्यावरण मंजूरी नहीं लेने वाली खदानों को बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवम्बर 2024 को एनजीटी की इस समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 6,668 खानों को राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी मिल चुकी हैं। वहीं, 7,795 लीज धारकों ने अप्लाई कर रखा है। इनके आवेदन पेंडिंग हैं। वहीं, करीब साढ़े 8 हजार लीज धारकों ने आवेदन ही नहीं किया है।

### पहले 31 मार्च थी डेडलाइन



### सुप्रीम कोर्ट को तय करना है बिंदू

उन्होंने बताया- एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि जिला पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई पर्यावरणीय स्वीकृति तब तक समाप्त मानी जाएंगी। जब तक कि उन्हें राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा पुनः मूल्यांकित नहीं किया जाता है। लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, अब सुप्रीम कोर्ट को यह बिंदू तय करना है कि जिला स्तरीय प्राधिकरण स्वतंत्र रूप से पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर सकते हैं या फिर उन्हें राज्य स्तरीय मंजूरी की आवश्यकता होती है।

# तमिलनाडु विधानसभा में वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पारित

## सीएम स्टालिन बोले- केंद्र बिल वापस ले, ये मुसलमानों के अधिकार को नष्ट करेगा

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु की छ्रस्य्र सरकार ने गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रस्ताव के विरोध में कहा- ये बिल मुसलमानों के अधिकारों को खत्म कर देगा। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार बिल वापस ले।

स्टालिन ने कहा कि, केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं। वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी मुसलमानों के कल्याण और उनके अधिकारों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा- संशोधन में कहा गया है कि दो गैर मुस्लिम लोग को



वक्फ का हिस्सा होना चाहिए। मुसलमानों को डर है कि यह सरकार का वक्फ संपत्तियों को हड़पने का एक तरीका है और यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राज्य सरकार के विधानसभा से प्रस्ताव पारित करवाने पर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा- भाजपा इस प्रस्ताव का विरोध करती है।

# डिप्टी सीएम को हत्या के आरोपी ने दी थी धमकी

## जयपुर जेल से 4 बदमाशों समेत 6 अरेस्ट; डीजीपी बोले- मिलीभगत से अंदर जा रहे मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने हत्या के अरोपी समेत 6 बदमाशों को अरेस्ट किया है। इनमें 4 पहले से जेल में है। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शाहनिल शर्मा (27) निवासी नाहरी का नाका शास्त्री नगर, वसीम खान (34)निवासी जगन्नाथपुरी झोटवाड़ा, मनीष परिहार (38) निवासी खोड़ा पलसा जोधपुर, विक्रम सिंह (26) निवासी बड़ोद सवाईमाधोपुर, जुनैद (26) निवासी मदीना कॉलोनी झोटवाड़ा और मोहम्मद अशरफ (25) निवासी रघुनाथपुरी झोटवाड़ा को अरेस्ट किया है।

### 26 मार्च को पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया था

26 मार्च को पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल आया था। कॉल करने वाला बोला था- सेंट्रल जेल जयपुर से बोल रहा हूं। डिप्टी सीएम को आज रात मरवा देंगे। ड्यूटी पर तैनात कॉल टेकर के नाम पूछने पर उसने अपना नाम अनिल होना बताया। देर रात जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया था। जेल सर्च के दौरान एक मोबाइल और सिमकार्ड बंदी शाहनिल से मिला था।

### हत्या के आरोपी ने दी थी धमकी

धमकी देने वाला विक्रम सिंह है। मोबाइल और सिमकार्ड उपलब्ध करवाने वाला शाहनिल शर्मा है। शाहनिल को मोबाइल मनीष परिहार ने दिया था। सिमकार्ड वसीम ने दी थी। शाहनिल और मनीष परिहार एनडीपीएस एक्ट, वसीम खान दहेज प्रताड़ना और विक्रम सिंह मर्डर मामले में जयपुर जेल में बंद है। इन चारों को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लालकोठी थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। सिमकार्ड धारक जुनैद और जेल तक सिम पहुंचाने वाले अशरफ को झोटवाड़ा से अरेस्ट किया गया है।



### जेल में किराए पर मोबाइल देने का बिजनेस

पूछताछ के बाद 6 आरोपियों को अरेस्ट किया गया। जांच में सामने आया कि बंदी शाहनिल ने जेल में ही किराए पर मोबाइल देने का बिजनेस चला रखा है। वार्ड नंबर-9 में वह बंदियों से प्रत्येक मिनट के 100 रुपए वसूलता है।

### जेल शिफ्ट कराने के लिए दी थी धमकी

बंदी विक्रम सिंह ने मोबाइल यूज कर पुलिस कंट्रोल रूम को डिप्टी सीएम को मारने की धमकी दी। विक्रम सिंह के उक्त जेल में 3 लाख रुपए का कर्जा हो गया था। इस कारण वह दूसरी जेल में शिफ्ट होना चाहता था, इसलिए उसने धमकी देना बताया है।

### एक दिन पहले भी चली थी तलाशी

पुलिस टीम ने बुधवार देर रात तक जेल की तलाशी ली। गुरुवार सुबह एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू हुआ था। इस दौरान पुलिस ने 3 बदमाशों को हिरासत में लिया था और उनके पास से मोबाइल बरामद किया था। इसी मोबाइल से पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर डिप्टी सीएम को मारने की धमकी दी गई थी।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com